इस दुनिया में कोई महान व्यक्ति नहीं है, केवल महान चुनौतियां हैं जिनका सामना साधारण लोग करते हैं।

देश का प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र

# जन जन जागरण

जनहित का सजग प्रहरी

Web Site: www.janjanjagran.com | भोपाल और झांसी से एक साथ प्रकाशित | भोपाल, मंगलवार 31 मार्च 2026 | वर्ष-35 अंक - 221 पृष्ठ-08 मूल्य 3 रुपए | पेज - 6



## ब्रीफ न्यूज

### जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में भाग लेकर 51 नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल विवाह का कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज में समानता, सम्मान और सहयोग की भावना को सशक्त करने का एक प्रेरणादायक प्रयास है। इस आयोजन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समारोह में बेटियों को वह सम्मान दिया गया है, जो हर परिवार अपनी बेटी के विवाह में देना चाहता है।

### संघ प्रमुख मोहन भागवत 17 जून को उदयपुर के दौरे पर

**उदयपुर।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप समिति के अंतर्गत संचालित प्रताप गौरव केंद्र %राष्ट्रीय तीर्थ% इस बार महाराणा प्रताप जयंती और हल्दीघाटी विजय सार्द्ध चतुऱ्शती समारोह वृहद रूप से मनाएगा।

प्रताप गौरव केन्द्र के निदेशक अनुराग सक्सेना ने सोमवार को बताया कि यह संयोग है कि महाराणा प्रताप जयंती ज्येष्ठ शुक्ल तृतीया 17 जून को है और हल्दीघाटी विजय दिवस 18 जून को, इसी संयोग के साथ महत्वपूर्ण यह भी है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत इस पावन अवसर पर 17 जून को उदयपुर में रहेंगे। इसी निमित्त प्रताप गौरव केंद्र के तत्वावधान में सर्व समाज की सहभागिता से संभाग स्तरीय शौर्य सभा का आयोजन किया जाएगा जिसे सरसंघचालक संबोधित करेंगे।

### नीतीश कुमार का विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। नीतीश कुमार ने यह कदम राज्यसभा सदस्य चुने जाने के बाद उठाया।

विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने बताया कि नीतीश कुमार ने विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि वे विकासशील मुख्यमंत्री हैं। अब केंद्र जा रहे है। उनके नेतृत्व में बिहार ने विकास को देखा है। उन्होंने कहा कि संवैधानिक प्रक्रिया के अनुसार कार्य किया जा रहा है।

### केसीपी (पीडब्ल्यूजी) कैडर गिरफ्तार, हथियार और आईईडी बरामद

**इंफाल।** मणिपुर में पुलिस एवं सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित संगठन केसीपी (पीड्ब्ल्यूजी) के एक कैडर को गिरफ्तार किया है। साथ ही भारत-म्यांमार सीमावर्ती इलाकों से एक अन्य अभियान में हथियार एवं आईईडी बरामद किया गया है।

मणिपुर पुलिस मुख्यालय के अनुसार, रविवार (28 मार्च) को इंफाल पश्चिम जिले में कांगलेइपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीपल्स वॉर ग्रुप) [केसीपी - पीडब्ल्यूजी] से जुड़े एक कथित वसूली गतिविधियों में शामिल कैडर को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान मैबम पिंकू सिंह (42) के रूप में हुई है, जो चिंगमाथक पिशुम लेइराक का निवासी है। उसे इंफाल पश्चिम जिले में सिंगजामेई पुलिस थानांतर्गत संगाइप्रौ मामंग लेइकाई इलाके से पकड़ा गया। गिरफ्तारी के समय उसके पास से एक मोबाइल फोन और एक मतदाता फोटो पहचान पत्र जब्त किया गया।

### इंडिगो ने शुरू की कोलकाता और शंघाई के बीच रोजाना सीधी उड़ानें

**नई दिल्ली।** देश की बजट एयरलाइन इंडिगो ने कोलकाता और चीन की शंघाई के बीच रोजाना सीधी उड़ानें शुरू की हैं। यह कोलकाता से चीन के लिए दूसरी सीधी उड़ान है, जो भारत और चीन के बीच व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा देगी।

इंडिगो ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि उसने बीते 29 मार्च से कोलकाता और शंघाई के बीच रोजाना नॉन-स्टॉप फ्लाइट शुरू की है। इससे उसका अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क और बढ़ा है और भारत और चीन के बीच हवाई संपर्क भी मजबूत हुआ है। कंपनी ने कहा कि इस रूट पर एयरलाइन ए320नियो विमान का इस्तेमाल करेगी, ताकि दोनों देशों के बीच बिजनेस और घूमने-फिरने के लिए बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके।

# लोकसभा में बोले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाहः नक्सलवाद अपने अंतिम चरण में, विपक्ष को उनके लिए दर्द, हमारे लिए देश जरूरी

**नई दिल्ली।** नक्सल मुक्त भारत पर लोकसभा में चल रही चर्चा पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा नक्सलवाद अपने अंतिम चरण में है और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ के बस्तर में इसे लगभग समाप्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह बदलाव अचानक नहीं आया, बल्कि 2014 के बाद केंद्र सरकार की सख्त नीति, सुरक्षा अभियान और विकास योजनाओं के कारण संभव हुआ है। शाह ने विपक्ष खासकर कांग्रेस पर भी जमकर हमला बोला। शाह ने कहा कि नक्सलवाद के जो लोग यहां वकालत कर रहे थे, मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि मोदी सरकार में वहां के लोगों को जो सुविधाएँ मिली, वे 1970 से अब तक क्यों नहीं मिलीं? केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नक्सलियों के लिए विपक्ष को दर्द, लेकिन हमारे लिए देश जरूरी हैं.

उन्होंने यह भी कहा कि 12 राज्यों को रेड कॉरिडोर बना दिया गया और वहां क़ानून का शासन समाप्त कर दिया गया. 12 करोड़ लोग गरीबी के अंदर सालों तक जीते रहे. दोनों तरफ़ से 20 हज़ार युवा मारे गए, कई दिव्यांग बन गए, आख़िर इसके लिए कौन जिम्मेदार है? अमित शाह ने यह भी कहा कि मोदी सरकार की सबसे बड़ी सिद्धि नक्सल-मुक्त भारत है; यह कोई भी रिसर्चर स्वीकार करेगा

### अमित शाह ने 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद खत्म करने का किया था एलान

बता दे की बीते करीब छह दशक से नक्सलवाद भारत के लिए सबसे बड़ी आंतरिक चुनौती बना हुआ था। केंद्रीय



गृह मंत्री अमित शाह ने 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद के अंतिम दिन के तौर पर तय करने का एलान किया था। इसके बाद से ओडिशा से लेकर छत्तीसगढ़ और झारखंड से लेकर आंध्र प्रदेश तक न सिर्फ नक्सली नेतृत्व को ध्वस्त किया गया, बल्कि कैडर के कैडर का सफाया कर दिया गया।

### बड़ी कामयाबी: शीर्ष माओवादी कमांडर सुरेश का 8 साथियों के साथ सरेंडर

देश से नक्सलवाद के पूरी तरह खात्मे के लिए तय की गई डेडलाइन के खत्म होने से ठीक 24 घंटे पहले आंध्र प्रदेश में सुरक्षाबलों को एक बहुत बड़ी और ऐतिहासिक कामयाबी हाथ लगी है। यहां एक शीर्ष माओवादी कमांडर सुरेश ने अपने 8 अन्य खूंखार साथियों के साथ पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया है। मुख्य कमांडर सुरेश पिछले 36 सालों से अंडरग्राउंड रहकर अपनी खौफनाक गतिविधियों को अंजाम दे रहा था। अब इन सभी नक्सलियों को सरकार की पुनर्वास नीति के तहत मुख्यधारा में लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## राजनीति में विनम्रता, मर्यादा और अनुशासन आवश्यकः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**लोकतंत्र को सशक्त बनाने में युवा विधायकों की भूमिका महत्वपूर्ण - विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर**

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने युवा विधायकों के दो दिवसीय सम्मेलन का किया शुभारंभ**

**मध्यप्रदेश सहित राजस्थान और छत्तीसगढ़ के युवा विधायक हुए शामिल**




**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राजनीति में विनम्रता, मर्यादा और अनुशासन आवश्यक है। वे ही इस क्षेत्र में सक्रिय और सफल हो सकते हैं, जिनमें जनसेवा और जनकल्याण की भावना हो। व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से राजनीति में आने वाले लोगों के कारण लोकतांत्रिक मूल्यों और व्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। जनप्रतिनिधियों के लिए जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील होना, अध्ययनशील होना, तनाव प्रबंधन में दक्ष होना और जनहित के लिए पूर्ण समर्पण से कार्य करना आवश्यक है। कोई समस्या आने पर जनप्रतिनिधि का व्यवहार और समस्या निराकरण के लिए उनका प्रबंधन कौशल, उनके व्यक्तित्व को दर्शाता है। सकारात्मक और समाज हित की गतिविधियों और विकास कार्यों के लिए हमें दलगत मतभेदों से ऊपर उठकर सोचना और कार्य करना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मध्यप्रदेश विधानसभा में आयोजित युवा विधायकों के दो दिवसीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। विधानसभा के विधान परिषद हाल में हुआ कार्यक्रम वंदे मातरम के गान के साथ आरंभ हुआ। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी, प्रदेश के संसदीय कार्य मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, नेता प्रतिपक्ष श्री उमंग सिंघार विशेष रूप से उपस्थित थे। सम्मेलन में राष्ट्रकुल संसदीय संघ (भारत क्षेत्र 6) के तीन राज्यों मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ तथा राजस्थान के 45 वर्ष आयु तक के विधायक सम्मिलित हुए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह मानना कि लोकतंत्र के विचार की उत्पत्ति पश्चिम से हुई थी, पूर्णतः सत्य नहीं है। लोकतंत्र, भारतीय राजनैतिक व्यवस्था का नैसर्गिक गुण है। भारतीय व्यवस्थाओं में सदैव से ही मत भिन्नता को सम्मान दिया गया है, राजनैतिक और धार्मिक व्यवस्थाओं में शास्त्रार्थ की परम्परा प्राचीन समय से रही है। भारत में विचारों की अभिव्यक्ति को सभी क्षेत्रों में सम्मान और महत्व प्रदान किया गया।

## लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी शब्बीर अहमद लोन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में बड़े आतंकी हमले की साजिश को नाकाम करते हुए दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े एक दुर्दान्त आतंकवादी शब्बीर अहमद लोन को गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसियों के अनुसार, लोन इस पूरे मॉड्यूल का हैंडलर था और हाल ही में सामने आए मेट्रो पोस्टर मामले में पकड़े गए आतंकी नेटवर्क को संचालित कर रहा था।

स्पेशल सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि स्पेशल सेल की नई दिल्ली रेंज के पुलिस उपायुक्त प्रवीण त्रिपाठी की देखरेख मे आतंकी को रविवार देर रात गाजीपुर इलाके से गिरफ्तार किया है।

स्पेशल सेल के अधिकारियों ने बताया कि शब्बीर अहमद लोन के कब्जे से करीब 2,300 बांग्लादेशी टका, 3,000 से 5,000 पाकिस्तानी मुद्रा (लगभग 3,000 भारतीय रुपये के बराबर) और एक नेपाली सिम कार्ड मिला है। इन सभी सामानों को जब्त कर लिया गया है और उनकी फॉरेंसिक जांच की जा रही है। जांच से यह भी सामने आया है कि लोन लंबे समय से बांग्लादेश में रहकर भारत विरोधी गतिविधियों को संचालित कर रहा था।

## पश्चिम एशिया संकट के बीच कुवैत में एक भारतीय की मौत पर सरकार ने जताई संवेदना

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच कुवैत में एक भारतीय नागरिक की 29 मार्च को हुए हमले में मौत हो जाने पर भारत ने मृतक के परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है।

विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (खाड़ी) असीम महाजन ने सोमवार को यहां अंतर मंत्रालयी पत्रकार वार्ता में कहा, 卐कल दुर्भाग्य से कुवैत में एक हमले में एक भारतीय नागरिक की जान चली गई। हम मृतक के परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। कुवैत में हमारा मिशन मृतक के परिवार के संपर्क में है और स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहा है, ताकि हर संभव मदद दी जा सके और उनके पार्थिव शरीर को जल्द से जल्द भारत वापस लाया जा सके। दुर्भाग्य से कई घटनाओं में आठ भारतीयों की जान चली गई है और एक भारतीय अभी भी लापता है।

महाजन ने कहा कि विदेश मंत्रालय खाड़ी




और पश्चिम एशिया क्षेत्र में बदलती स्थिति पर लगातार बारीकी से नजर रख रहा है। इस क्षेत्र में रहने वाले बड़े भारतीय समुदाय की सुरक्षा, संरक्षा और कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है...खाड़ी देशों में भारतीय छात्रों के कल्याण को उच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है कि छात्रों के शैक्षणिक वर्ष पर कोई बुरा असर न पड़े... सीबीएसई ने इस क्षेत्र में कक्षा 10 और 12वीं के परिणामों की घोषणा के लिए मूल्यांकन योजना पहले ही अधिसूचित कर दी है।

## शिवसेना ने कहा-कांग्रेस पनपने दिया नक्सलवाद, तृणमूल बोली-दुनिया में दक्षिणपंथी हिंसा बढ़ी



**नई दिल्ली।** केन्द्र में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल शिवसेना ने कांग्रेस पर देश में नक्सलवाद को फैलने देने का आरोप लगाते हुए आज कहा कि वामपंथ के राजनीतिक समर्थन की मजबूरी में कांग्रेस ने आदिवासियों को विकास की मुख्यधारा से दूर रख कर उन पर अत्याचारों की अनदेखी की जिससे वाम हिंसा के 卐लाल गलियारे卐 को पनपने का मौका मिला। उधर, विपक्षी दल तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि देश-दुनिया में दक्षिणपंथी हिंसा बढ़ रही है और सरकार संसद में वामपंथी हिंसा पर चर्चा करा रही है।

लोकसभा में सोमवार को नियम 193 के तहत नक्सलवाद मुक्त भारत विषय पर हुई अल्पकालीन चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिली। चर्चा की शुरुआत करते हुए शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे देश में नक्सलवाद को फैलने का जिम्मेदार कांग्रेस को बताते हुए कहा कि नक्सलवाद पश्चिम बंगाल के एक छोटे से गांव से शुरू हुआ था, अगर कांग्रेस सरकार ने समय पर समुचित कदम उठाए होते तो यह 12 राज्यों और 200 जिले नहीं पहुंच पाता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार मजबूत नहीं बल्कि मजबूर थी। वामपंथी विचारधारा वाले दलों के साथ गठबंधन उनकी मजबूरी थी और इसी कारण देश में नक्सलवाद बढ़ा।

शिवसेना सांसद शिंदे ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह ने एक साल पहले सदन में कहा था कि 31 मार्च तक देश से नक्सलवाद खत्म करने का प्रयास किया जाएगा और आज 30 मार्च को इस विषय पर चर्चा हो रही है।

## भारतीय सेना ने युद्धाभ्यास %मरू संग्राम% में दिखाई स्वदेशी हथियार, ड्रोन और टैंक की ताकत




**जोधपुर।** भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर भारतीय सेना की कोणार्क कॉर्प्स ने राजस्थान के रेगिस्तानी सेक्टर के आगे के इलाकों में रविवार तक युद्ध अभ्यास पूरा किया। यह अभ्यास सुबह से रात तक चला, जिसमें जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल एवीएस राठी ने मौके पर पहुंचकर टैंक, तोप, हेलीकॉप्टर और ड्रोन सिस्टम का निरीक्षण किया। अभ्यास में स्वदेशी हथियारों के साथ सेना की तैयारी और अलग-अलग हालात में काम करने की क्षमता को परखा गया। कोर ने आधुनिक तकनीक और युद्धक क्षमता का प्रदर्शन करते हुए अपनी बैटल रेडी स्थिति दिखाई। सेना के अनुसार प्रदर्शन के दौरान सेना ने ड्रोन और काउंटर-ड्रोन सिस्टम पर विशेष जोर दिया। निगरानी से लेकर सटीक हमला करने तक, ड्रोन्स की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाया गया है। साथ ही, दुश्मन के ड्रोन्स को बेअसर करने वाली तकनीक का भी सफल परीक्षण किया गया।

## संबित ने कांग्रेस पर लगाया, नक्सलवाद को पालने पोसने का आरोप

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद डॉ. संबित पात्रा ने सोमवार को कांग्रेस पार्टी पर नक्सलवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया और कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) के शासनकाल में अगर कांग्रेस नेता महेन्द्र कर्मा द्वारा शुरू किये गये सलवा जुडूम जैसे आंदोलन को रोका ना गया होता तो भारत 2020 के पहले ही नक्सल मुक्त हो जाता।



लोकसभा में नक्सलवाद-मुक्त भारत विषय पर नियम 193 के तहत हुई अल्पकालिक चर्चा में भाग लेते हुए डॉ पात्रा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने नक्सलवाद को देश की सबसे घातक समस्या बताया था, लेकिन कांग्रेस के दूसरे धड़े ने इसे रोमांचकारी गतिविधि के रूप में दिखाने का काम किया। इसी का परिणाम था कि कांग्रेस के एक आदिवासी नेता ने नक्सलियों के खिलाफ 2005 में सलवा जुडूम आंदोलन शुरू किया जिसे भाजपा की रमन सिंह सरकार ने आगे बढ़ाया लेकिन दूसरे धड़े ने संप्रग सरकार की मूक सहमति से उच्चतम न्यायालय के माध्यम से इसे खत्म करवा दिया।

## न्यू मैंगलोर पोर्ट के बर्थ-9 के पुनर्विकास को मंजूरी



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने न्यू मैंगलोर पोर्ट अथॉरिटी के बर्थ संख्या-9 के पुनर्विकास प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना के तहत तरल बल्क कार्गो की हैंडलिंग क्षमता बढ़ाने और समुद्री दक्षता को मजबूत करने का लक्ष्य रखा गया है। केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय के मुताबिक, यह परियोजना सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत डीबीएफओटी आधार पर लागू की जाएगी। इसके अंतर्गत पुराने ढांचे को हटाकर बर्थ संख्या-9 का आधुनिक तरीके से पुनर्विकास किया जाएगा, जहां कच्चा तेल, पेट्रोलियम उत्पाद और एलपीजी जैसे तरल कार्गो की हैंडलिंग की जाएगी।

परियोजना के तहत बर्थ की गहराई वर्तमान 10.5 मीटर से बढ़ाकर 14 मीटर की जाएगी, जिसे भविष्य में 19.8 मीटर तक बढ़ाने की व्यवस्था भी होगी। इससे 2 लाख डीडब्ल्यूटी तक के बड़े जहाजों, जिनमें वीएलजीसी भी शामिल हैं, को संभालना संभव होगा।

## केरल, असम और पुडुचेरी के 2.37 लाख दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाता करेंगे घर से ही मतदान

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग 85 वर्ष से अधिक आयु और द्विव्यांग मतदाताओं को घर से मतपत्रों के जरिए मतदान की सुविधा प्रदान करता है। केरल, असम और




पुडुचेरी में अबतक 2.37 लाख पात्र मतदाताओं ने इस सुविधा के लिए आवेदन दिया है। इन राज्यों में 9 अप्रैल को मतदान है।

चुनाव आयोग ने सोमवार को बताया कि केरल में 1.45 लाख, असम में 19 हजार और पुडुचेरी में दो हजार से अधिक वरिष्ठ एवं द्विव्यांग मतदाओं ने इस सुविधा के लिए आवेदन किया है। आवेदन करने वालों में 1.67 लाख वरिष्ठ नागरिक (53.5 प्रतिशत) एवं 70 हजार से अधिक द्विव्यांग मतदाता (15.22 प्रतिशत) हैं।

इन सभी को आयोग की ओर से जानकारी दी जाएगी की कब मतदान कर्मी राजनीतिक प्रतिनिधियों के साथ उनके घर मतदान के लिए आएंगे। यह प्रक्रिया 5 अप्रैल तक पूरी कर ली जाएगी। आयोग की ओर से पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी होती है। सुविधा के लिए ऐसे मतदाताओं को अधिसूचना जारी होने की तारीख से 5 दिनों के भीतर अपने संबंधित %रिटर्निंग अधिकारी% के पास आवेदन करना होता है।

## लोकसभा से दिवाला और दिवालियापन संहिता (संशोधन) विधेयक-2025 पारित

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने सोमवार को ध्वनि मत से हितधारकों के बीच व्याख्या संबंधी मुद्दों को सुलझाने के लिए लाया गया दिवाला और दिवालियापन संहिता (संशोधन) विधेयक-2025 पारित कर दिया। इस विधेयक का उद्देश्य दिवाला और दिवालियापन संहिता-2016 में और संशोधन करना है।

लोकसभा ने आज ध्वनि मत से %इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड (संशोधन) विधेयक-2025% पारित कर दिया। यह विधेयक शुरू में एक प्रवर समिति के पास भेजा गया था। इसे इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड 2016 में और संशोधन करने के लिए पेश किया गया है, ताकि कंपनियों और व्यक्तियों के बीच




निर्मला सीतारमण, वित्त मंत्री

प्रक्रियागत देरी और व्याख्या संबंधी मुद्दों का समाधान किया जा सके।

लोकसभा में दिवाला और दिवालियापन संहिता (संशोधन) विधेयक, 2025% पर हुई विस्तृत चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि दिवाला और दिवालियापन संहिता का उद्देश्य कभी भी केवल ऋण वसूली के तंत्र के रूप में काम करना नहीं था, बल्कि इसका उद्देश्य व्यवहार्य व्यवसायों को बचाने, वित्तीय संकट को हल करने और उद्यम के मूल्य को बनाए रखने के लिए एक रूपरेखा प्रदान करना था। सीतारमण ने चर्चा के दौरान कहा कि दिवाला और दिवालियापन संहिता (आईबीसी) संशोधन विधेयक में कुल 12 संशोधन हैं, जिनमें से 11 चयन समिति के सुझाए गए हैं और एक सरकार ने पेश किया है। इस विधेयक के बारे में उन्होंने कहा कि दिवाला और दिवालियापन संहिता देश के बैंकिंग क्षेत्र की सेहत सुधारने में खासकर स्ट्रेस्ड एसेट्स (तनावग्रस्त संपत्तियों) को सुलझाने में, एक अहम कारक रहा है।

## ब्रीफ न्यूज

### जिले में अब तक 35.49 प्रतिशत बालिकाओं एचपीवी टीकाकरण

**शाजापुर।** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले में एचपीवी टीकाकरण अभियान सतत रूप से संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत शाजापुर जिले में 14 वर्षीय किशोरी बालिकाओं का एचपीवी टीकाकरण किया जा रहा है।

जिले में निर्धारित 9588 लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 3403 बालिकाओं का टीकाकरण किया जा चुका है, जो कि कुल लक्ष्य का 35.49 प्रतिशत है।

कलेक्टर सुश्री बाफना ने जिले में शेष रही 14 वर्षीय किशोरी बालिकाओं के एचपीवी टीकाकरण के लिए अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी किशोरी बालिकाओं को समय पर टीकाकरण अवश्य कराएं।

### तेज रफ्तार डंपर और बस के बीच जोरदार भिड़ंत, 15 यात्री घायल

**मंडला।** मध्य प्रदेश के मंडला जिले के घुघरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम महली उमरिया के पास सोमवार सुबह एक यात्री बस और तेज रफ्तार डंपर की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में करीब 15 यात्री घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 9 बजे बस क्रमांक एमपी 51, पी- 0129 कुटरवानी (घुटास) से मंडला की ओर जा रही थी, जिसमें 20 से अधिक यात्री सवार थे। बस ग्राम महली उमरिया के पास पहुंची थी, तभी सामने से आ रहे तेज गति के डंपर ने नियंत्रण खो दिया और बस से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बस के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया।

पुलिस ने ग्रामीणों के साथ मिलकर घायलों को बस से बाहर निकाला और तत्काल निजी वाहनों एवं एंबुलेंस की मदद से घुघरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की टीम द्वारा सभी घायलों का उपचार किया जा रहा है। गंभीर रूप से घायल बस चालक को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किए जाने की जानकारी मिली है। घटना की सूचना मिलते ही घुघरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात व्यवस्था बहाल कराई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### जिला अस्पताल में पत्नी की सोनाग्राफी कराने आए युवक ने स्टाफ से की मारपीट, कर्मचारियों ने बंद किया काम

**देवास।** मध्य प्रदेश के देवास जिला अस्पताल में सोमवार सुबह अपनी पत्नी की सोनोग्राफी करवाने के लिए पहुंचे एक युवक ने नर्सिंग ऑफिसर की पिटाई कर दी। घटनाक्रम के बाद जिला अस्पताल के कर्मचारियों ने काम बंद कर दिया और सभी आकस्मिक चिकित्सा इकाई के बाहर इकट्ठा हो गए।

जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को पकड़कर अपने साथ कोतवाली थाने ले गई। कुछ ही देर में सिविल सर्जन जिला अस्पताल पहुंचे और कर्मचारियों से चर्चा करने के बाद उन्हें फिर से काम पर जाने के लिए मनाया।

जानकारी के अनुसार, नगर के आनंद नगर निवासी अमजद अपनी पत्नी शाहीन की सोनोग्राफी कराने के लिए सोमवार सुबह करीब 10 बजे जिला अस्पताल पहुंचा था। यहां मेटरनिटी विंग के नर्सिंग ऑफिसर ने बताया कि अभी सोनोग्राफी का समय नहीं आया है। उसे एक माह बाद आने के लिए कहा। इस पर वह भ?क गया और नर्सिंग ऑफिसर से अभद्रता करना शुरू कर दी। इसी बीच अस्पताल के सोनोलॉजिस्ट डॉक्टर अजहरुद्दीन शेख ने बीच बचाव किया तो आरोपी ने डॉक्टर शेख के साथ भी मारपीट कर दी।

घटना के तुरंत बाद अस्पताल में मौजूद पुलिसकर्मी ने आरोपी को पकड़ लिया और कोतवाली थाना ले गए। इसके बाद बड़ी संख्या में चिकित्सक व अस्पताल स्टाफ के सदस्य भी कोतवाली थाना पहुंचे और आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज करवाया।

कोतवाली थाना प्रभारी श्यामचंद्र शर्मा ने बताया कि प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उससे घटनाक्रम को लेकर पूछताछ की जा रही है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत एनएसएस स्वयंसेवकों ने निकाली जागरूकता रैली, किया श्रमदान




**शाजापुर।** उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बी.के.एस.एन. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा सोमवार को 'जल गंगा संवर्धन अभियान 2026' के अंतर्गत जागरूकता रैली एवं स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.के. तिवारी ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए इस अभियान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जल स्त्रोतों का संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और युवाओं को जल संवर्धन के इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रकाश बर्फा ने स्वयंसेवकों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि जल स्त्रोतों की स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली का हिस्सा होनी चाहिए। इस अवसर पर डॉ. दिनेश निगावल, डॉ. अरुण कुमार बोडाने, डॉ. बी. के.सोलंकी, डॉ. सुनील अडवाणी, डॉ. दिलीप माहेश्वरी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। जागरूकता रैली एवं श्रमदान अभियान की शुरुआत में स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में एक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों को जल संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूक किया । रैली के पश्चात, एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में स्थित कुएँ के समीप स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान श्रमदान करते हुए कुएँ के आसपास की एकल उपयोग प्लास्टिक को एकत्रित कर परिसर को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया गया, जिन्होंने जल स्त्रोतों के पुनरुद्धार और स्वच्छता के प्रति सामुदायिक सहभागिता का संदेश दिया। इस दौरान एनएसएस इकाई एम्बेसडर रवि कुमार, एसयुओ लक्ष्मी पुष्पद, अनिल आचार्य, कोशल्या पुष्पद, गोविंद गोस्वामी, इसराइल खा, चंचल पाटीदार, सूरज राय और अन्य स्वयंसेवको के साथ एनएसएस मिडिया प्रभारी सुरेश कुमार चोरडिया उपस्थित रहें।

## 01 अप्रैल 2026 से जिले में ई-विकास प्रणाली के माध्यम से होगा शत-प्रतिशत उर्वरक वितरण

**शाजापुर।** शासन द्वारा प्रदेश में उर्वरक वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं सुगमतापूर्वक प्रदान करने के लिए ई-विकास (वितरण एवं कृषि आपूर्ति समाधान) प्रणाली प्रारंभ की गई है। यह प्रणाली उर्वरक वितरण में कालाबाजारी की रोकथाम, उर्वरक की मांग एवं आपूर्ति पर नियंत्रण हेतु, रीयल-टाइम डेटा विश्लेषण एवं कृषको के समय की बचत एवं उनके डिजीटल सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। उक्त व्यवस्था का जिले में 01 अक्टूबर 2025 से पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में क्रियान्वयन करने के उपरांत 10 जनवरी 2026 से प्रदेश के समस्त जिलों में विस्तारित की गई है।

उपसंचालक कृषि श्री आरएल जामरे ने बताया कि इस अनुक्रम में 01 अप्रैल 2026 से जिले की समस्त सहकारी समितियां, डबल लॉक केन्द्र मार्केटिंग सोसायटी, एम.पी. एग्रो विक्रय केंद्र एवं समस्त निजि विक्रेता द्वारा शत-प्रतिशत उर्वरक वितरण ई-विकास (वितरण एवं कृषि आपूर्ति समाधान) प्रणाली के माध्यम से किया जायेगा।

ई-विकास (वितरण एवं कृषि आपूर्ति समाधान) प्रणाली के अंतर्गत जिले में विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया हैं, जिसमें में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा पटवारी, समिति प्रबंधक, सचिव/ग्रामसहायकों, कृषि विस्तार अधिकारी एवं निजी उर्वरक विक्रेताओ को ई-विकास प्रणाली के प्रभावी संचालन तथा टोकन जनरेशन की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई।

## पद्मश्री सुशील दोषी होंगे राष्ट्रीय क्रांतिवीर अवार्ड 2026 से सम्मानित

**उज्जैन में 4 अप्रैल को होगा 28वां अलंकरण समारोह, स्वतंत्रता सेनानी रामचन्द्र रघुवंशी काकाजी की स्मृति में आयोजन**

**उज्जैन।** मालवा के सुप्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं समाजसेवी रामचन्द्र रघुवंशी काकाजी की स्मृति में आयोजित होने वाले 28वें राष्ट्रीय क्रांतिवीर अवार्ड 2026 से इस वर्ष पद्मश्री सुशील दोषी को सम्मानित किया जाएगा। यह प्रतिष्ठित सम्मान 4 अप्रैल 2026 को उज्जैन में आयोजित राष्ट्रीय क्रांतिवीर अलंकरण समारोह में प्रदान किया जाएगा।

आयोजन के संयोजक डॉ. प्रकाश रघुवंशी और ओमप्रकाश खत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि सुशील दोषी ने भारतीय खेल जगत, विशेष रूप से क्रिकेट में हिंदी कमेंट्री के माध्यम से महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने क्रिकेट को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई और भारत में पहली बार हिंदी में कमेंट्री कर एक नई पहचान स्थापित की।

इस पुरस्कार की शुरुआत वर्ष 1999 में रामचन्द्र रघुवंशी काकाजी के पुण्य स्मरण दिवस पर की गई थी। पिछले 27 वर्षों में यह सम्मान देश के कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों को दिया जा चुका है, जिनमें राजेन्द्र सिंह, सुनील दत्त, किरण बेदी, कैलाश सत्यार्थी, मेधा पाटकर और नितिन गडकरी जैसी हस्तियां शामिल हैं।

इस वर्ष कार्यक्रम का आयोजन भरतपुरी महाश्वेता नगर स्थित सामाजिक शोध संस्थान में शनिवार, 4 अप्रैल को सायं 6:30 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गीतों की प्रस्तुति से होगी, जिसमें अमित शर्मा अपनी प्रस्तुति देंगे। इसके साथ ही प्रतिभा रघुवंशी का दल वंदना और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेगा। सेवाधाम के बच्चों द्वारा भी विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनामिका शर्मा करेंगी। आयोजन समिति के सदस्यों ने शहर के गणमान्य नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

यह आयोजन न केवल स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रामचन्द्र रघुवंशी काकाजी के योगदान को स्मरण करने का अवसर है, बल्कि समाज में राष्ट्रीय चेतना और प्रेरणा का संदेश भी देता है।

## उज्जैन में जैन पत्रकार महाकुंभ: संवाद, सम्मान और संकल्प का भव्य संगम

**देशभर के पत्रकारों की भागीदारी, बदलती पत्रकारिता और नैतिक मूल्यों पर मंथन; 11 पत्रकार सम्मानित**




**उज्जैन।** धार्मिक नगरी उज्जैन में 29 मार्च 2026 को जैन पत्रकार परिषद द्वारा आयोजित पत्रकार संगम एवं पत्रकार अवार्ड समारोह भव्यता और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। शंकराचार्य मठ में आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर के महाआयोजन में देश के विभिन्न राज्यों से जैन समाज से जुड़े पत्रकारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे यह कार्यक्रम एक महाकुंभ के रूप में स्थापित हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद पूरे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार हुआ। आयोजन को विशेष आध्यात्मिक गरिमा प्रदान करने हेतु आचार्य विश्वरत्नसागर सूरीश्वरजी की पावन निश्रा रही। साधु-साध्वी भगवंतों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक प्रेरणादायी बना दिया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विषयों पर गहन विचार-विमर्श हुआ, जिसमें पत्रकारिता के बदलते स्वरूप, डिजिटल मीडिया का बढ़ता प्रभाव, फेक न्यूज की चुनौती और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे शामिल रहे। वक्ताओं ने कहा कि आज पत्रकारिता केवल खबर देने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने वाली शक्ति बन चुकी है। वरिष्ठ पत्रकारों ने अपने अनुभव साझा करते हुए युवाओं को निष्पक्षता, सत्यनिष्ठा और जनहित को सर्वोपरि रखने का संदेश दिया।

इसके साथ ही पत्रकारों की सुरक्षा, उनके अधिकारों और कल्याण से जुड़े मुद्दों पर भी विशेष चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने बताया कि बदलते समय में पत्रकारों को कानूनी अधिकारों और सुरक्षा संबंधी प्रावधानों की जानकारी होना बेहद जरूरी है। इस सत्र में पत्रकार सुरक्षा कानून और संस्थागत सहयोग पर भी विस्तृत जानकारी दी गई।

समारोह के दौरान 11 पत्रकारों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इनमें सुजानमल कोचट्टा (जावरा), जवाहर डोसी (महिदपुर), अभय सुराणा (जावरा), राहुल जैन (नीमच), कपिल पारीख (मांडव), विनोद शाह (विदिशा), गौरव दुग्गड़ (चापड़ा), संदीप सृजन (उज्जैन), गणतंत्र मेहता (रतलाम), विजय गोखरु (बड़नगर) और राजेंद्र सकलेचा (नलखेड़ा) शामिल रहे।

आयोजन प्रमुख एवं प्रदेश संयोजक दीपक दुग्गड़ ने बताया कि यह आयोजन जैन पत्रकारों को एक मंच प्रदान करने और उनके कार्यों को पहचान देने का महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण होता है।

## महाकाल की भस्म आरती में पहुंचीं क्रिकेटर स्नेहा राणा, नंदी हॉल में की आराधना

**तड़के 4 बजे उज्जैन पहुंचकर लिया बाबा महाकाल का आशीर्वाद, चांदी द्वार से जल अर्पित कर की पूजा**



**उज्जैन।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी स्नेहा राणा सोमवार तड़के उज्जैन पहुंचीं और विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में आयोजित भस्म आरती में शामिल होकर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया।

जानकारी के अनुसार, स्नेहा राणा सुबह करीब 4 बजे मंदिर पहुंचीं और नंदी हॉल में बैठकर करीब दो घंटे तक श्रद्धा भाव से आराधना करती रहीं। भस्म आरती के दौरान उन्होंने भगवान महाकाल के दिव्य दर्शन किए और पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना में भाग लिया।

आरती के पश्चात स्नेहा राणा ने चांदी द्वार से भगवान महाकाल को जल अर्पित किया और विशेष पूजन किया। मंदिर परिसर में उनका आचरण पूरी तरह भक्तिमय रहा, जिससे वहां मौजूद श्रद्धालु भी प्रभावित नजर आए।

बताया जा रहा है कि स्नेहा राणा अपने पारिवारिक मित्रों के साथ उज्जैन आई थीं। यह उनका पहला दौरा नहीं है, बल्कि इससे पहले भी वे कई बार बाबा महाकाल के दर्शन के लिए यहां आ चुकी हैं।

इस अवसर पर श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उनका विधिवत स्वागत एवं सत्कार किया गया। मंदिर प्रशासन ने उन्हें सम्मानित करते हुए शुभकामनाएं दीं।

महाकाल मंदिर में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के साथ-साथ खेल, राजनीति और फिल्म जगत की हस्तियों का भी आगमन लगातार बना रहता है। स्नेहा राणा की इस यात्रा ने एक बार फिर यह दर्शाया कि आस्था और श्रद्धा के केंद्र के रूप में महाकालेश्वर मंदिर की पहचान देशभर में बनी हुई है।

## भस्म आरती में साकार रूप में दर्शन दिए बाबा महाकाल, भक्तिभाव से गूंजा मंदिर परिसर

**तड़के 4 बजे खुले पट, पंचामृत अभिषेक और दिव्य श्रृंगार के बाद भस्म अर्पण; श्रद्धालु भाव-विभोर**



**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में सोमवार तड़के भस्म आरती के दौरान आध्यात्मिक आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। सुबह 4 बजे मंदिर के पट खुलते ही धार्मिक अनुष्ठानों की शुरुआत हुई और पूरा मंदिर परिसर 'हरिओम' के मंत्रोच्चार से गूंज उठा।

पण्डे-पुजारियों ने गर्भगृह में विराजित सभी देवी-देवताओं का विधिवत पूजन कर भगवान महाकाल का जलाभिषेक किया। इसके बाद दूध, दही, घी, शक्कर और फलों के रस से बने पंचामृत से भगवान का अभिषेक किया गया।

श्रृंगार पूर्ण होने के बाद ज्योतिर्लिंग को कपड़े से ढंककर भस्म अर्पित की गई। पूजन के दौरान भगवान को त्रिपुण्ड, त्रिशूल और त्रिनेत्र अर्पित कर दिव्य स्वरूप में सजाया गया। आरती से पूर्व प्रथम घंटाल बजाकर 'हरिओम' का जल अर्पित किया गया, जिससे वातावरण पूर्णत: भक्तिमय हो गया।

कपूर आरती के बाद भगवान महाकाल के मस्तक पर भांग, चंदन और त्रिपुण्ड लगाकर विशेष श्रृंगार किया गया। भस्म अर्पण के पश्चात भगवान को शेषनाग का रजत मुकुट, रजत मुण्डमाल, रुद्राक्ष की माला और सुगंधित पुष्पों की माला पहनाई गई। मोगरा और गुलाब के फूलों से सजे बाबा महाकाल के दर्शन कर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।

भस्म आरती के दौरान फल और मिष्ठान का भोग अर्पित किया गया। महा निर्वाणी अखाड़ा की ओर से भगवान महाकाल को भस्म चढ़ाई गई। बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और पूरे वातावरण में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

धार्मिक मान्यता के अनुसार, भस्म अर्पण के बाद भगवान महाकाल निराकार से साकार रूप में भक्तों को दर्शन देते हैं। यही कारण है कि भस्म आरती का विशेष महत्व माना जाता है और देश-विदेश से श्रद्धालु इस अलौकिक दर्शन के लिए उज्जैन पहुंचते हैं।

यह दिव्य अनुष्ठान एक बार फिर आस्था, परंपरा और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक बनकर सामने आया।

## ड्यूटी के दौरान होमगार्ड सैनिक की मौत, उज्जैन में अचानक बिगड़ी तबीयत

**थाने में बेहोश होकर गिरे हरीलाल मालवीय, ष्टक्क्र के बावजूद नहीं बच सके; श्वसन तंत्र फेल होने की आशंका**



**उज्जैन।** उज्जैन में ड्यूटी के दौरान एक होमगार्ड सैनिक की अचानक मौत हो जाने से पुलिस महकमे में शोक की लहर फैल गई। 56 वर्षीय होमगार्ड सैनिक हरीलाल मालवीय सोमवार दोपहर चिमनगंज मंडी थाना में अपनी ड्यूटी निभा रहे थे, तभी अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे बेहोश होकर गिर पड़े।

घटना के बाद मौके पर मौजूद साथी पुलिसकर्मियों ने तुरंत उन्हें संभाला और प्राथमिक उपचार के रूप में सीपीआर (ष्टक्क्र) देने का प्रयास किया। हालांकि, काफी कोशिशों के बावजूद उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। इसके बाद उन्हें तत्काल जिला चिकित्सालय ले जाया गया।

अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने तुरंत इलाज शुरू किया, लेकिन कुछ देर चले उपचार के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, उनकी मृत्यु श्वसन तंत्र फेल होने के कारण हुई है। बताया जा रहा है कि ड्यूटी के दौरान ही उनकी तबीयत अचानक बिगड़ी थी। हालांकि, उनकी तबीयत पहले से खराब थी या नहीं, इस बारे में फिलहाल कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है।

इस घटना से पुलिस और होमगार्ड विभाग के कर्मचारियों में गहरा शोक व्याप्त है। साथी कर्मचारियों ने बताया कि हरीलाल मालवीय अपनी जिम्मेदारियों के प्रति बेहद सजग और समर्पित थे।

फिलहाल मामले में आगे की औपचारिक कार्रवाई की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों की स्पष्ट जानकारी सामने आएगी।

ड्यूटी के दौरान इस तरह की घटना ने एक बार फिर सुरक्षा बलों और कर्मचारियों के स्वास्थ्य और कार्य परिस्थितियों को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**आगरमालवा।** मध्य प्रदेश के आगरमालवा जिले में उज्जैन-झालावाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 552-जी पर रविवार देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, जिले के ग्राम बामनियाखेड़ी निवासी एलकारसिंह सिसौदिया अपनी कार से जा रहे थे। सुसनेर पुलिस थानान्तर्गत ग्राम खैराना-खजूरी जोड़ के समीप वह कार को सड़क किनारे खड़ा कर लघुशंका करने के लिये खड़े थे, तभी एक अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई। सोमवार को पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सुर्पद किया गया। सुसनेर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

## ब्रीफ न्यूज

### रेलवे के नाम पर साइबर ठगी का अलर्ट, भोपाल मंडल की चेतावनी—हृञ्जक्कपिन साझा न करें

**रेलवे अधिकारी बनकर कर्मचारियों और पेंशनर्स को निशाना बना रहे ठग, 1930 पर तुरंत शिकायत की अपील**

**भोपाल।** पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल ने रेल कर्मचारियों और पेंशनर्स को साइबर ठगी से बचाने के लिए महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है। मंडल ने चेतावनी दी है कि कुछ अज्ञात ठग खुद को रेलवे अधिकारी बताकर फोन कर रहे हैं और कर्मचारियों से संवेदनशील जानकारी हासिल कर उन्हें ठगी का शिकार बना रहे हैं।

मंडल के अनुसार, ठग विशेष रूप से रिटायर हो चुके कर्मचारियों और रिटायरमेंट के करीब कर्मचारियों को निशाना बना रहे हैं। ये लोग फोन कर रेलवे से जुड़े किसी जरूरी अपडेट, पेंशन सुधार या सेवा रिकॉर्ड अपडेट का झांसा देकर बैंक डिटेल, हृञ्जक्क और पिन जैसी गोपनीय जानकारी मांगते हैं। जैसे ही व्यक्ति यह जानकारी साझा करता है, उसके बैंक खाते से पैसे निकाल लिए जाते हैं।

रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कोई भी सरकारी अधिकारी फोन पर हृञ्जक्क, बैंक पिन या अन्य निजी जानकारी नहीं मांगता। यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार की जानकारी मांगता है, तो यह स्पष्ट रूप से धोखाधड़ी का प्रयास है। ऐसे मामलों में तुरंत सतर्क रहने की आवश्यकता है।

### टीईटी अनिवार्यता पर बवाल- 27 साल बाद नियम बदलने पर शिक्षकों का विरोध तेज

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) को अनिवार्य किए जाने के निर्णय को लेकर विवाद तेज हो गया है। शासकीय शिक्षक संगठन मध्यप्रदेश ने इस फैसले के खिलाफ खुलकर मोर्चा खोल दिया है। संगठन के प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे ने कहा है कि हमारा डर परीक्षा को लेकर नहीं, बल्कि अधिकारियों की नीयत को लेकर है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि 27 साल बाद अचानक नियमों में बदलाव करना न केवल अनुचित है, बल्कि यह शिक्षा व्यवस्था के लिए भी खतरनाक साबित हो सकता है। इस मुद्दे पर प्रदेश के विभिन्न शिक्षक संगठनों ने संयुक्त मोर्चा बना लिया है और जल्द ही बड़े आंदोलन की रूपरेखा सामने आने की संभावना है।

बताया जा रहा है कि विभाग के इस आदेश से करीब डेढ़ लाख शिक्षकों में असमंजस और असुरक्षा का माहौल बन गया है। लंबे समय से सेवा दे रहे शिक्षकों को अब अपनी पात्रता को लेकर चिंता सताने लगी है।

राकेश दुबे ने कहा कि सभी शिक्षक शासन द्वारा तय नियमों के अनुसार ही भर्ती हुए थे और उन्होंने उसी समय लागू पात्रता परीक्षा एवं मेरिट प्रक्रिया के आधार पर नियुक्ति प्राप्त की थी। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के सिद्धांत का हवाला देते हुए कहा कि खेल के नियम खेल शुरू होने से पहले तय होने चाहिए, बीच में नहीं बदले जाने चाहिए।

### एमपी में हर दूसरा व्यक्ति मुफ्त राशन पर निर्भर, 5.38 करोड़ लोग ले रहे अनाज

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में मुफ्त राशन लेने वालों की संख्या चौंकाने वाली स्तर पर पहुंच गई है। लगभग 9 करोड़ की आबादी वाले इस राज्य में 5.38 करोड़ से अधिक लोग सरकारी अनाज योजना पर निर्भर हैं। केंद्र सरकार द्वारा लोकसभा में दी गई जानकारी के अनुसार, प्रदेश की आधे से ज्यादा आबादी प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मुफ्त राशन प्राप्त कर रही है।

यह आंकड़ा न केवल खाद्य सुरक्षा योजनाओं की पहुंच को दर्शाता है, बल्कि राज्य की आर्थिक स्थिति और बड़ी आबादी की निर्भरता को भी उजागर करता है। विशेषज्ञों का मानना है कि इतनी बड़ी संख्या में लोगों का मुफ्त राशन पर निर्भर होना आर्थिक असमानता और रोजगार की स्थिति पर भी सवाल खड़े करता है।

प्रदेश में राशन वितरण की व्यवस्था सार्वजनिक वितरण प्रणाली (क्कष्टस्) के तहत की जाती है, जिसमें पीओएस (प्वाइंट ऑफ सेल) मशीनों के माध्यम से लाभार्थियों को अनाज वितरित किया जाता है। इस डिजिटल व्यवस्था के जरिए पारदर्शिता बनाए रखने और फर्जीवाड़े को रोकने का प्रयास किया जा रहा है।

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, योजना के तहत पात्र परिवारों को प्रति व्यक्ति हर महीने निर्धारित मात्रा में गेहूं और चावल मुफ्त उपलब्ध कराया जा रहा है। कोरोना काल के दौरान शुरू की गई यह योजना अब भी जारी है और लाखों गरीब परिवारों के लिए जीवन रेखा बनी हुई है।

# बीच-बचाव करना पड़ा भारी: भोपाल में युवक की चाकू मारकर हत्या, शहर में तनाव

**अशोका गार्डन में देर रात वारदात, चक्काजाम के बाद पुलिस ने तीन संदिग्ध पकड़े; मुख्य आरोपी फरार**

**भोपाल।** राजधानी के अशोका गार्डन इलाके में रविवार और सोमवार की दरमियानी रात एक सनसनीखेज हत्या ने पूरे शहर को झकझोर दिया। 35 वर्षीय युवक विजय मेवाड़ा की बीच सड़क पर चाकू मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया और लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला।

मिली जानकारी के अनुसार, सुभाष कॉलोनी निवासी विजय मेवाड़ा अशोका गार्डन और कोलार क्षेत्र में चाय की दो दुकानें संचालित करते थे। रविवार देर रात करीब डेढ़ बजे वह अपनी दुकान बंद कर कर्मचारियों को छोड़ने प्रगति नगर जा रहे थे। इसी दौरान सुभाष नगर के पास पहले से मौजूद कुछ युवकों—आसिफ उर्फ बम, फरमान, कालू और इमरान—ने उनके कर्मचारियों को अपने साथ चलने के लिए दबाव बनाया।

कर्मचारियों द्वारा मना करने पर आरोपियों ने उनके साथ बदसलूकी शुरू कर दी। अपने कर्मचारियों को बचाने के लिए विजय मेवाड़ा बीच-बचाव करने पहुंचे। इसी दौरान विवाद बढ़ गया और आरोपियों ने उन पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल विजय को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना की खबर फैलते ही इलाके





में अफरा-तफरी मच गई। परिजन और स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए और सोमवार सुबह हिंदू संगठनों के साथ मिलकर सुभाष कॉलोनी क्षेत्र में चक्काजाम कर दिया। लोगों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की। हालात को देखते हुए प्रशासन ने मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया।

पोस्टमार्टम के लिए शव को हमीदिया अस्पताल लाया गया, जहां परिजनों ने जमकर हंगामा किया। पुलिस अधिकारियों द्वारा समझाइश देने के बाद स्थिति को नियंत्रित किया जा सका। पूरे घटनाक्रम के दौरान पुलिस लगातार सतर्क रही और किसी भी अप्रिय स्थिति को टालने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की गई।

पुलिस जांच में सामने आया है कि विवाद की शुरुआत मामूली कहासुनी से हुई थी, जो देखते ही देखते हिंसक रूप ले गई। अशोका गार्डन थाना प्रभारी अनुराग लाल के अनुसार, मामले में तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है, जबकि मुख्य आरोपी आसिफ उर्फ बम की तलाश जारी है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

इस घटना ने शहर की कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। व्यस्त और आबादी वाले इलाके में इस तरह की वारदात ने आम लोगों के मन में भय का माहौल पैदा कर दिया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि रात के समय सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाना चाहिए, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है, जबकि शहर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बढ़ा दी गई है।

### इकबाल मैदान के नाम पर विवाद गरमाया, भोपाल में प्रदर्शन से बढ़ा तनाव

**भोपाल।** राजधानी के इकबाल मैदान के नाम को लेकर विवाद अब तूल पकड़ता जा रहा है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो के बयान के विरोध में सोमवार को ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी ने मैदान में प्रदर्शन किया और बयान को भड़काऊ करार दिया।

प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए और अपने विरोध को शांतिपूर्ण तरीके से दर्ज कराया। समिति के संरक्षक शमशुल हसन ने कहा कि इस तरह के बयान समाज में अनावश्यक तनाव पैदा करते हैं और सामाजिक सौहार्द को प्रभावित करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रसिद्ध शायर अल्लामा मुहम्मद इकबाल ने सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा जैसा अमर तराना लिखा, जो आज भी देश की पहचान और गर्व का प्रतीक है।

# नवजात की मौत पर अस्पताल में हंगामा: भोपाल के काटजू अस्पताल में लापरवाही के आरोप से तनाव

**परिजनों का आरोप—समय पर इलाज नहीं मिला; प्रबंधन ने बताया जटिल केस, पुलिस ने संभाला मोर्चा**

**भोपाल।** राजधानी के काटजू अस्पताल में रविवार रात नवजात की मौत के बाद माहौल अचानक तनावपूर्ण हो गया। घटना से आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया, जिससे कुछ समय के लिए अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। हालात इतने बिगड़ गए कि महिला डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ को अपनी सुरक्षा के लिए कमरों में खुद को बंद करना पड़ा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।

जानकारी के अनुसार, संजना रैकवार को प्रसव के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यह उनका पहला प्रसव था और शुरुआती जांच में स्थिति सामान्य बताई गई थी। रविवार शाम को प्रसव पीड़ा शुरू होने के बाद उन्हें लेबर रूम में शिफ्ट किया गया। परिजनों का कहना है कि शुरुआत में डिलीवरी सामान्य रूप से चल रही थी और नवजात आंशिक रूप से बाहर भी आ चुका था। इसी दौरान अचानक प्रसूता की स्थिति बिगड़ने लगी, जिसके बाद डॉक्टरों ने ऑपरेशन करने का निर्णय लिया और उन्हें तत्काल ऑपरेशन थियेटर में ले जाया गया। कुछ समय बाद डॉक्टरों ने नवजात के मृत पैदा होने की सूचना दी, जिससे परिजन भड़क उठे और उन्होंने अस्पताल प्रबंधन पर




गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए।

परिजनों का आरोप है कि जब डिलीवरी सामान्य तरीके से हो रही थी, तो अंतिम समय में ऑपरेशन की नौबत क्यों आई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उस समय एनेस्थीसिया विशेषज्ञ मौजूद नहीं था, जिससे ऑपरेशन में देरी हुई और इसी वजह से नवजात की जान चली गई। इन आरोपों के चलते अस्पताल परिसर में भारी विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया।

वहीं अस्पताल प्रबंधन ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए इसे एक जटिल चिकित्सकीय स्थिति बताया है। अस्पताल इंचार्ज के अनुसार, प्रसव के दौरान अचानक बच्चे का रोटेशन रुक गया था, जिससे सामान्य डिलीवरी संभव नहीं रही। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन का निर्णय चिकित्सकीय आवश्यकता के तहत लिया गया, लेकिन तब तक गर्भ में ही नवजात की मृत्यु हो चुकी थी।

घटना के बाद अस्पताल परिसर में तनाव बढ़ गया और कुछ समय के लिए हालात नियंत्रण से बाहर होते नजर आए। पुलिस के पहुंचने के बाद स्थिति को संभाला गया और दोनों पक्षों को समझाइश देकर शांत कराया गया। फिलहाल मामले को लेकर जांच की मांग उठ रही है और प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

इस घटना ने एक बार फिर अस्पतालों में चिकित्सा व्यवस्था और आपातकालीन सुविधाओं को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। परिजन जहां न्याय की मांग कर रहे हैं, वहीं अस्पताल प्रबंधन अपने पक्ष पर कायम है। अब सभी की नजर इस बात पर टिकी है कि जांच में क्या सामने आता है और जिम्मेदारों पर क्या कार्रवाई होती है।

# स्कूल खुलते ही नकली किताबों का बड़ा खेल उजागर, भोपाल में छापेमारी में भारी स्टॉक जब्त

**एमपी नगर में असली के नाम पर चार गुना कीमत में बिक रहीं थीं किताबें, प्रशासन ने शुरू की जांच**

**भोपाल।** नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ राजधानी में नकली किताबों के कारोबार का बड़ा खुलासा हुआ है। एमपी नगर स्थित एक प्रमुख पुस्तक दुकान पर प्रशासन की टीम ने छापेमारी कर बड़ी मात्रा में कथित नकली एनसीईआरटी किताबें जब्त की हैं। ये किताबें असली बताकर बाजार में कई गुना अधिक कीमत पर बेची जा रही थीं, जिससे अभिभावकों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा था।

यह कार्रवाई एसडीएम एल.के. खरे के नेतृत्व में की गई। टीम ने दुकान के अंदर और बाहर लगे स्टॉलों की जांच की, जहां से संदिग्ध किताबों का बड़ा स्टॉक बरामद हुआ। अधिकारियों के अनुसार, इन किताबों पर एक प्रकाशन का लेबल लगा था, जिसे प्राथमिक जांच में संदिग्ध पाया गया है। पूरे मामले की रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंप दी गई है और आगे की कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

जांच के दौरान यह भी सामने आया कि नकली किताबें देखने में बिल्कुल



असली जैसी थीं, जिससे आम उपभोक्ता उन्हें पहचान नहीं पा रहे थे। यही वजह है कि कई अभिभावक अनजाने में इन किताबों को ऊंचे दामों पर खरीद रहे थे। छापेमारी के दौरान एक सेल्समैन को भी पकड़ा गया, जो इन किताबों को बाजार मूल्य से कई गुना अधिक कीमत पर बेच रहा था।

प्रशासनिक अधिकारियों के मुताबिक, इस रैकेट के तार बड़े स्तर पर जुड़े हो सकते हैं। प्राथमिक जांच में कक्षा 1 से 12 तक की विभिन्न विषयों—हिंदी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और संस्कृत—की किताबों की कथित नकली प्रतियां मिलने की पुष्टि हुई है। इसके अलावा कुछ निजी प्रकाशकों की पुस्तकों की भी संदिग्ध कॉपियां दुकान में पाई गईं, जिससे मामले की गंभीरता और बढ़ गई है।

छापेमारी के दौरान दुकान में सुरक्षा व्यवस्थाओं की भी पोल खुली। अधिकारियों ने पाया कि दुकान में अग्निशमन के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे, जिसे गंभीर लापरवाही माना गया है। इस पर भी कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

प्रशासन ने बताया कि हर साल नए शैक्षणिक सत्र के समय किताबों की मांग बढ़ने के साथ ही ऐसे अवैध रैकेट सक्रिय हो जाते हैं। इसी का फायदा उठाकर नकली किताबें बाजार में उतारी जाती हैं और अभिभावकों को गुमराह कर उनसे अधिक कीमत वसूली जाती है।

इस मामले में कलेक्टर को रिपोर्ट सौंपने के बाद सप्लाई चेन की भी जांच शुरू कर दी गई है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि ये नकली किताबें कहां से आ रही थीं और इसमें कौन-कौन शामिल है। प्रशासन ने सख्त कार्रवाई के संकेत दिए हैं। अधिकारियों ने अभिभावकों से अपील की है कि वे केवल अधिकृत और विश्वसनीय दुकानों से ही किताबें खरीदें तथा खरीदते समय किताबों की गुणवत्ता और प्रकाशन विवरण की जांच अवश्य करें। साथ ही, किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को देने को कहा गया है।

यह खुलासा न केवल शिक्षा व्यवस्था में सेंध का संकेत है, बल्कि बाजार में फैल रहे संगठित फर्जीवाड़े की भी एक गंभीर चेतावनी है, जिस पर समय रहते अंकुश लगाना बेहद जरूरी है।

### भोपाल में देर रात सड़क पर युवतियों का हंगामा, मारपीट का वीडियो वायरल

**एमपी नगर जोन-2 में नशे की हालत में विवाद, पुलिस बोली—न शिकायत, न दर्ज मामला**

**भोपाल।** राजधानी के एमपी नगर जोन-2 इलाके में रविवार देर रात सड़क पर युवतियों के बीच हुए विवाद और मारपीट का मामला सामने आया है। इस घटना के कई वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिनमें युवतियां आपस में झगड़ती और हाथापाई करती नजर आ रही हैं। बताया जा रहा है कि देर रात सड़क पर मौजूद कुछ युवतियां आपस में किसी बात को लेकर भिड़ गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सभी युवतियां नशे की हालत में थीं और मामूली कहासुनी ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया। मौके पर मौजूद लोगों ने इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर तेजी से फैल रहा है। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि युवतियां सड़क पर एक-दूसरे से उलझती हुई दिखाई दे रही हैं, जबकि आसपास मौजूद लोग तमाशबीन बने रहे। कुछ लोगों ने बीच-बचाव की कोशिश भी की, लेकिन विवाद कुछ देर तक चलता रहा। इस दौरान इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और देर रात सड़क पर भीड़ भी जमा हो गई। घटना को लेकर यह भी चर्चा है कि झगड़े के दौरान एक युवक की उंगली में गंभीर चोट आई है।

# EWS प्रमाणपत्र विवाद में फंसी IPS अधिकारी निमिषी त्रिपाठी, जांच से बढ़ी हलचल

**केंद्र और राज्य के नियमों में अंतर बना विवाद की जड़, सेवा में बदलाव की आशंका**

**भोपाल।** देश की प्रशासनिक व्यवस्था में एक अहम मामला सामने आया है, जिसने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (श्वङ्कुस्) की पात्रता के नियमों को लेकर नई बहस छेड़ दी है। मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के सनावद की रहने वाली और केरल कैडर की 2023 बैच की आईपीएस अधिकारी निमिषी त्रिपाठी अब अपने ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र को लेकर जांच के दायरे में आ गई हैं।

मामला इसलिए गंभीर हो गया है क्योंकि यदि जांच में किसी प्रकार की तकनीकी त्रुटि या नियमों का उल्लंघन सामने आता है, तो उनकी सेवा में बदलाव तक की स्थिति बन सकती है। हालांकि, फिलहाल यह स्पष्ट किया गया है कि नौकरी समाप्त होने की संभावना कम है, लेकिन कैडर या सेवा बदलने का विकल्प सामने आ सकता है।

जानकारी के अनुसार, निमिषी त्रिपाठी ने संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा 2023 में 368वीं रैंक हासिल की थी। उन्हें आर्थिक



रूप से कमजोर वर्ग (श्वङ्कुस्) के तहत आईपीएस सेवा मिली थी। नियुक्ति के बाद उनके ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र को लेकर आपत्ति दर्ज कराई गई, जिसके आधार पर केंद्र सरकार ने जांच शुरू कर दी है।

फिलहाल इस पूरे मामले की जांच मध्यप्रदेश के गृह विभाग द्वारा की जा रही है। खरगोन कलेक्टर द्वारा प्रारंभिक जांच रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंप दी गई है और आगे की कार्रवाई केंद्र स्तर पर की जा रही है।

इस विवाद की मुख्य वजह केंद्र और राज्य सरकार के नियमों में अंतर बताया जा रहा है। केंद्र सरकार के नियमों के अनुसार, 1000 वर्ग फीट या उससे अधिक के प्लॉट वाले परिवार श्वङ्कुस् श्रेणी में नहीं आते, जबकि मध्यप्रदेश में यह सीमा अलग है। यहां नगर निगम क्षेत्र में 1500 वर्ग फीट तक, नगर पालिका क्षेत्र में 1200 वर्ग फीट तक और नगर पंचायत क्षेत्र में 1000 वर्ग फीट तक पात्रता मान्य है।

जानकारी के मुताबिक, निमिषी त्रिपाठी का परिवार नगर पालिका क्षेत्र में निवास करता है और उनकी माता के नाम लगभग 1000 वर्ग फीट का प्लॉट है, जो राज्य के नियमों के अनुसार पात्रता में आता है। लेकिन केंद्रीय सेवाओं के लिए आवेदन करते समय केंद्र सरकार के निर्धारित प्रारूप का प्रमाणपत्र आवश्यक होता है, यहीं से पूरा विवाद उत्पन्न हुआ है।

जांच एजेंसियां दो प्रमुख बिंदुओं पर फोकस कर रही हैं—क्या प्रमाणपत्र फर्जी है, और क्या गलत प्रारूप का उपयोग किया गया। शुरुआती जानकारी के अनुसार प्रमाणपत्र वैध तरीके से जारी किया गया था, लेकिन इसके उपयोग और पात्रता की व्याख्या को लेकर सवाल खड़े हुए हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि ईडब्ल्यूएस श्रेणी अमान्य पाई जाती है, तो निमिषी त्रिपाठी को उनकी मेरिट रैंक के अनुसार अन्य सेवा, जैसे इंडियन रेवेन्यू सर्विस (ढ्ढक्रस्), में स्थानांतरित किया जा सकता है।

यह मामला न केवल एक अधिकारी के करियर से जुड़ा है, बल्कि देशभर में श्वङ्कुस् आरक्षण की पात्रता और उसके नियमों की स्पष्टता को लेकर भी बड़ा सवाल खड़ा करता है। आने वाले दिनों में इस जांच के निष्कर्ष पर सभी की नजरें टिकी रहेंगी, क्योंकि इसका प्रभाव अन्य मामलों पर भी पड़ सकता है।

# एमपी में फिर बदला मौसम: 5 दिन आंधी-बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट, आगे पड़ेगी भीषण गर्मी

**मार्च के अंत में राहत, लेकिन अप्रैल-मई में 45°C पार जाने का खतरा; फसलों पर पड़ सकता है असर**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में मार्च के आखिरी दिनों में मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है। प्रदेश में सक्रिय हुए नए मौसम सिस्टम के चलते अगले 4 से 5 दिनों तक आंधी, बारिश और कहीं-कहीं ओलावृष्टि का दौर जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने कई जिलों में अलर्ट जारी किया है, जिससे जनजीवन के साथ-साथ खेती-किसानी पर भी असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटों में ग्वालियर-चंबल संभाग के भिंड और दतिया जिलों में ओलावृष्टि हो सकती है। इसके अलावा भोपाल, जबलपुर, इंदौर और उज्जैन समेत कई जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश के आसार हैं। प्रदेश के लगभग आधे हिस्से में मौसम को लेकर चेतावनी जारी की गई है।

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी, पश्चिमी विक्षोभ, साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन की सक्रियता के कारण यह बदलाव देखने को मिल रहा है। इन सभी सिस्टम्स के संयुक्त प्रभाव से प्रदेशभर में मौसम अस्थिर बना हुआ है और अचानक तेज आंधी-बारिश की स्थिति बन रही है।

30 मार्च से सक्रिय यह सिस्टम प्रदेश के अधिकांश संभागों को प्रभावित कर रहा है। ग्वालियर, चंबल, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, जबलपुर, सागर, रीवा और शहडोल संभाग के कई जिलों में 2 अप्रैल तक मौसम का यह असर बना रहने की संभावना है। इस दौरान तेज हवाएं, बिजली गिरने की घटनाएं और ओलावृष्टि भी हो सकती है।

लगातार बदलते मौसम के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी, जिससे लोगों को गर्मी से अस्थायी राहत मिलेगी। फिलहाल प्रदेश के कई शहरों में तापमान 35 से 39 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। हाल ही में मंडला में अधिकतम तापमान 39.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि भोपाल समेत बड़े शहरों में भी पारा सामान्य से ऊपर बना हुआ था।

## संपादकीय

# आसमान से गिरे, खजूर में अटके ट्रंप ईरान ने दिखाया आईना

राजनीति में ताकत का प्रदर्शन ही सबसे बड़ी रणनीति माना जाता है। इतिहास गवाह है, अति-आत्मविश्वास कई बार सबसे बड़ी कमजोरी और नुकसान का करण बन जाता है। वर्तमान में कुछ ऐसी ही स्थिति अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के संदर्भ में देखने को मिल रही है। दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद जिस तरह से उन्होंने दुनिया के देशों को टैरिफ युद्ध के माध्यम से हड़काकर स्वयंभू शांतिदूत के रूप में सारी दुनिया में स्थापित होना चाह रहे थे। 1 साल में ही वह 'आसमान से गिरे, खजूर में अटके' वाली कहावत को चरितार्थ करते नजर आ रहे है। ट्रंप ने अपने कार्यकाल में खुद को एक आक्रामक और निर्णायक नेता के रूप में सारे विश्व के देशों पर अपना वर्चस्व बनाने की कोशिश कर रहे थे। वैश्विक स्तर पर अपनी ताकत का प्रदर्शन कर रहे थे। मध्य-पूर्व देशों की जटिल राजनीति में उनका यह रवैया पिछले 1 वर्ष में चर्चाओं में बना रहा। इजराइल और फिलिस्तीन की लड़ाई में वह इजरायल के पक्ष में खड़े थे। गाजा में हजारों मासूम बच्चों और महिलाओं की हत्या हुई। रूस और यूक्रेन के युद्ध में वह नाटो देश और अमेरिका के मित्र देशों के साथ जिस तरह का व्यवहार कर रहे थे, इसका असर सारी दुनिया के देशों में देखने को मिला। इसराइल और ईरान के बीच बढ़ते हुए तनाव और इजराइल के साथ उनकी नजदीकी ने हालात को पेचीदा बना दिया है। इजराइल और ईरान के युद्ध मे अमेरिका को झोंक देने के कारण समय-समय पर तरह-तरह की बयानबाजी करने से आज ट्रंप सारी दुनिया में अलग-थलग पढ़ते चले जा रहे हैं।

कहा जाता है, 'ऊंट जब पहाड़ के नीचे आता है तब उसे अपनी असलियत समझ आती है। ट्रंप के साथ भी कुछ ऐसा ही होता दिख रहा है। जो नेता खुद को विश्व राजनीति का निर्णायक मानकर अहंकार दिखा रहा था, अपने आपको दुनिया का सर्वशक्तिमान मानकर चल रहा था, आज वही ट्रम्प ऐसी स्थिति में फंस गये हैं, जहां से वह आगे भी नहीं बढ़ पा रहे हैं और नाही पीछे हट पा रहे हैं। पहली बार अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की यह स्थिति 'धोबी का कुत्ता, न घर का न घाट का' जैसी होती हुई दिख रही है। मध्य-पूर्व में जारी संघर्ष ने सवाल खड़ा कर दिया है। क्या अमेरिका अपने लक्ष्य की पूर्ति के लिए अपनी रणनीति के तहत आगे बढ़ रहा है, या वह इजरायल के हितों के कारण स्वयं और अमेरिका को उलझाता जा रहा है। ईरान की ओर से हाल ही में मुस्लिम देशों को दिया गया संदेश इस पूरे परिदृश्य मे अमेरिका की स्थिति को और भी गंभीर बना रहा है। अरब देशों के साथ अमेरिका का कई दशकों से सुरक्षा संबंधी समझौता था। खाड़ी के अधिकांश देशों में अमेरिका ने अपने सैन्य अड्डे बनाए हुए थे। कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का पूरा कारोबार डॉलर मुद्रा में होता था, जिसके कारण अमेरिका का एकाधिकार था। ईरान ने जिस तरह से खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य अड्डों को तबाह किया है, उसने असलियत सामने ला दी है। खाड़ी देशों को ईरान ने चेतावनी दी है वे अमेरिका की मदद नहीं करें। ईरान ने इस्लामी ब्रदरहुड की भावना को जागृत करते हुए कहा है जो देश अपनी जमीन को ईरान के ऊपर हमला करने के लिए उपलब्ध नहीं कराएंगे उनसे ईरान की कोई दुश्मनी नहीं है। हम सब मिलकर काम करेंगे। अमेरिका की दादागिरी नहीं सहेंगें। अंतरराष्ट्रीय राजनीति भावनाओं या आक्रामक बयानों से नहीं चलती है। इसमें संतुलन, कूटनीति और दीर्घकालिक सोच और लाभ-हानि की आवश्यकता से जुड़ी होती है। ट्रंप की नीतियाँ, उनके तरह-तरह के बयान, धमकी तथा अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करते हुए जो दादागिरी और अहंकार कर रहे थे, ईरान ने अब उस पर तगड़ा वार किया है। अमेरिका ने जिन देशों को सुरक्षा देने का वचन दिया था वह सुरक्षा तो अमेरिका कर नहीं पाया। इस स्थिति में उठ रहे सवाल इसी बात की ओर इशारा करते हैं। केवल शक्ति प्रदर्शन से ना तो किसी देश पर कब्जा किया जा सकता है, नाही किसी समस्या का स्थायी समाधान निकाला जा सकता है। अमेरिका और इजरायल ने क्या सोचकर ईरान के ऊपर हमला किया था यह तो अमेरिका और इजराइल ही जानते हैं लेकिन अब जिस तरीके की स्थिति बन गई है, उसमें ट्रंप ना तो वहां से निकल पा रहे हैं और आगे बढ़ने के सारे रास्ते बंद हो चुके हैं। वर्तमान स्थिति का घटनाक्रम अहंकारी राजनेताओं को महत्वपूर्ण सीख देता है। राजनीति और सत्ता के वैश्विक मंच पर हर कदम को सोच-समझकर उठाना जरूरी होता है। बड़बोलेपन और अहंकार की राजनीति लंबे समय तक टिक नहीं पाती है। जब हकीकत सामने आती है, तो सबसे ताकतवर अमेरिका और उसके राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जैसे नेता भी असहज स्थिति में फंसते हैं। इस युद्ध के कारण जिस तरह से अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप का विरोध हो रहा है, अमेरिका में महंगाई और बेरोजगारी बढ़ रही है। अमेरिका का आर्थिक संकट बढ़ रहा है। ऐसी स्थिति में अब उन्हें अपनी ही रिपब्लिकन पार्टी से चुनौती मिलना शुरू हो गई है। उनके लिए अब राष्ट्रपति पद पर बने रहने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। युद्ध के लिए अर्थतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रयास करना पड़ रहा है। ईरान जैसे छोटे से देश से उन्हें इस तरह की चुनौती मिलेगी इसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की थी। लेकिन जब सच्चाई सामने आई तो यह दोनों कहावतें सत्य होती प्रतीत हो रही हैं।

सनत जैन

## राज काज

### भाजपा के पास प्रचार के लिए मुस्लिम नेता नहीं

भारत की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी में एक भी प्रचारक मुस्लिम नेता नहीं दिख रहा है। पश्चिम बंगाल के मुस्लिम बहुल इलाके में मुस्लिम उम्मीदवार भाजपा ने खड़े किए हैं। राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक स्तर पर भाजपा के पास एक भी मुस्लिम नेता नहीं है। जो पश्चिम बंगाल में जाकर मुसलमानों के बीच में चुनाव प्रचार कर सके। भारतीय जनता पार्टी 70 फ़ीसदी हिंदू मतदाताओं को संदेश देना चाहती है।हिंदू मतदाता एकजुट हों।ममता दीदी मुसलमानो को पसंद करती हैं। यदि ममता दीदी एक बार फिर सत्ता में आ गई तो पश्चिम बंगाल में हिंदू अल्पसंख्यक हो जाएंगे। इस बार पश्चिम बंगाल में धार्मिक ध्रुवीकरण चरम पर है।भाजपा की सहायता करने के लिए ओवैसी भी पश्चिम बंगाल पहुंच रहे हैं। उनकी बड़ी चर्चा हो रही है।

### असम भाजपा के बीच विवाद

असम में भारतीय जनता पार्टी के अंदर घमासान मचा हुआ है। असम विधानसभा की 126 सीट हैं। इसमें से 90 सीटों पर भाजपा चुनाव लड़ रही है। भाजपा को 1400 आवेदन टिकट के लिए मिले हैं। भाजपा में इस बार कांग्रेस से आए हुए नेताओं को सबसे ज्यादा टिकट दिए जा रहे हैं। जिसके कारण भाजपा के निष्ठावान नेता बहुत नाराज हैं। हाल ही में कांग्रेस के सांसद प्रदोत बोरदोलाई को भाजपा में शामिल कर उन्हें टिकट देकर चुनाव लगाया जा रहा है। उन्हें मंत्री भी बनाया जाएगा। इसको लेकर भाजपा के अंदर का झगड़ा और भी बढ़ गया है। असम में अब भाजपा-भाजपा नहीं रही. कांग्रेस ही सही मायने में बीजेपी बन गई है।

### ईरान ने तोड़ा अमेरिका का अहंकार

अमेरिका और इजरायल ने मिलकर ईरान पर हमला किया था। धमकी दी थी, एक सप्ताह के अंदर ईरान में सत्ता पलट देंगे। इस अहंकार को भगवान, गॉड और अल्लाह ने पसंद नहीं किया। एक माह से युद्ध चल रहा है। ईरान के सुप्रीमो आयतुल्लाह ख़ामनेई की हत्या की गई। 180 स्कूली बच्चियों को निशान लगाकर मारा गया। इसके बाद जैसे इजराइल और अमेरिका पर ईश्वर का कहर टूट पड़ा। इजराइल खंडहर में बदल गया है। अमेरिका को भी भारी नुकसान उठाना पड़ा है। ट्रंप युद्ध विराम की गुहार लगा रहे हैं। वहीं ईरान शर्त पर शर्त लगा रहा है। इसको कहते हैं,जब अहंकार चरम पर होता है। तब अहंकार को खत्म करने के लिए सारी प्रकृति एकजुट होकर अहंकार करने वालों का खात्मा कर देती है।

# कम उपभोग, ज्यादा संरक्षण: यही है शून्य अपशिष्ट का मंत्र



सुनील कुमार महला

अंतरराष्ट्रीय शून्य अपशिष्ट दिवस पर विशेष



हर वर्ष 30 मार्च को 'अंतरराष्ट्रीय शून्य अपशिष्ट दिवस' मनाया जाता है। वास्तव में इस दिवस को मनाने के पीछे मुख्य उद्देश्य केवल धरती या अंतरिक्ष से कचरा कम करना ही नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य पर्यावरण व हमारी पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण के प्रति व्यापक जागरूकता फैलाना और मानव जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाना है। दूसरे शब्दों में कहें तो यह दिवस कचरा प्रबंधन( वेस्ट मैनेजमेंट ) करने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरी दुनिया के लिए एक ऐसा वैश्विक आह्वान है, जो हमें टिकाऊ( सस्टेनेबल) और संतुलित जीवन( बैलेंस्ड लाइफ ) की ओर प्रेरित करता है। इसका एक महत्वपूर्ण लक्ष्य पूरी दुनिया को 'प्लास्टिक-मुक्त अर्थव्यवस्था' की दिशा में ले जाना भी है, जहाँ पैकेजिंग के लिए मशरूम या समुद्री शैवाल जैसे व अन्य किन्हीं प्राकृतिक व बेहतरीन विकल्पों का उपयोग किया जा सके।

पाठक जानते हैं कि आज पूरी दुनिया की जनसंख्या बहुत ही तेजी से बढ़ रही है और इसके साथ ही धरती पर व अंतरिक्ष तक में भी कचरे की मात्रा भी निरंतर बढ़ती जा रही है।सीधे शब्दों में कहें तो यह दिवस हमें कचरे को कम करने, पुनः उपयोग ( री-यूज ) और पुनर्चक्रण ( री-साइक्लिंग ) के महत्व को समझाने के लिए समर्पित है। सच तो यह है कि यह 'रिड्यूस, री-यूज और रीसायकल' की अवधारणा को बढ़ावा देता है। वर्तमान समय में प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग पृथ्वी के पर्यावरण और हमारे पारिस्थितिकी तंत्र को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है। ऐसे में यह बहुत ही आवश्यक व जरूरी है कि हम खाद्य अपशिष्ट को कम करें और धरती के सभी प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करें। यह एक चिंताजनक तथ्य है कि हम हर वर्ष अरबों टन कचरा उत्पन्न करते हैं, लेकिन उसका बहुत कम हिस्सा ही पुनर्चक्रित कर पाते हैं। वास्तव में 'शून्य अपशिष्ट'( जीरो वेस्ट ) का अर्थ है ऐसी जीवनशैली अपनाना, जिसमें कचरा लगभग समाप्त हो जाए। इसका सीधा सा आशय यह है कि हम संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करें, उन्हें संरक्षित रखें और भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित बनाएं।कहना ग़लत नहीं होगा कि कचरे और जलवायु परिवर्तन के बीच गहरा संबंध है। कचरे की बढ़ती मात्रा ग्लोबल वार्मिंग को भी बढ़ाती है। एक उपलब्ध जानकारी के अनुसार शहरी ठोस कचरा वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग 3-5% हिस्सा है। जब जैविक कचरा, जैसे भोजन, लैंडफिल में सड़ता है, तो वह मीथेन गैस उत्पन्न करता है, जो कार्बन डाइऑक्साइड की तुलना में कहीं अधिक प्रभावी ढंग से गर्मी को अवशोषित करती है। वास्तव में, यह दिवस उन लाखों अनौपचारिक श्रमिकों के योगदान को भी मान्यता देता है, जो कचरा प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि आज दुनिया भर में लगभग 2 करोड़ लोग इस क्षेत्र में कार्यरत हैं।

साथ ही, यह दिवस उन कंपनियों की नीतियों पर भी प्रश्न उठाता है, जो जानबूझकर ऐसे उत्पाद बनाती हैं जो जल्दी खराब हो जाते हैं, ताकि उपभोक्ता बार-बार नए उत्पाद खरीदें। इसके समाधान के रूप में 'राइट टू रिपेयर' यानी मरम्मत का अधिकार एक महत्वपूर्ण पहल बनकर उभरा है, जो वस्तुओं के जीवनकाल को बढ़ाने पर जोर देता है।शून्य अपशिष्ट का एक अहम पहलू 'कंपोस्टिंग' भी है।

## सुविचार

अनुभव-प्राप्ति के लिए काफ़ी मूल्य चुकाना पड़ सकता है पर उससे जो शिक्षा मिलती है वह और कहीं नहीं मिलती।

- अज्ञात

अधिकतर लोग नए साल की प्रतीक्षा केवल इसलिए करते हैं कि पुरानी आदतें नए सिरे से फिर शुरू की जा सकें।

- अज्ञात

## प्रसंगत

### सच्चा सेवक

गजनी के सुलतान महमूद के पास कई गुलाम थे, लेकिन वह उनमें से अयाज को सबसे ज्यादा प्यार करते थे। इसके कारण कुछ सरदार और गुलाम अयाज से जलने लगे। एक बार हिम्मत करके एक सरदार ने सुलतान से पूछा, 'हुजूर, गुस्ताखी माफहो। बहुत से लोग आप की दिन-रात सेवा करते हैं, आपकी खिदमत में कोई कोर कसर नहीं उठाते, फिर भी आप अयाज को सबसे ज्यादा प्यार करते हैं। क्या औरों की वफादारी में कोई कमी है?' सुलतान ने कहा, 'इसका जवाब में समय आने पर दूंगा।' कुछ समय बाद एक दिन भरे दरबार में सुलतान ने हीरे-मोतियों से जड़ा एक कीमती हार अयाज को दिया और कहा, 'इसे तोड़ दो।' अयाज ने उसे तुरंत तोड़ दिया। हार में लगे हीरे-मोती फर्श पर बिखर गए। इससे वहां मौजूद लोगों में सन्नाटा छा गया। लोग सोचने लगे कि आज तो अयाज को फांसी से कम की सजा नहीं मिलेगी। ऐसे हुक्म का पालन करने से पहले उसे इसके नतीजे पर विचार कर लेना चाहिए था। सुलतान का चेहरा भी गुस्से से लाल हो गया। उन्होंने गुस्से से चीखते हुए कहा, 'इतना कीमती हार तुमने क्यों तोड़ा?' अयाज ने विनम्रता से कहा, 'हुजूर, गुलाम से गलती हो गई, माफकर दें।' सुलतान ने उससे पूछा, 'अयाज़, जब तुमने हार को तोड़ा, तब क्या तुम्हें डर नहीं लगा।

# साम्यवाद के उद्घोषक हैं भगवान महावीर

-डॉ संध्या जैन श्रुति

**वर्तमान की परिस्थितियों में भगवान महावीर के सिद्धांत बहुत प्रासंगिक हैं।**

जियो और जीने दो के प्रणेता, अणु शक्ति के आगे मनु शक्ति का प्रयोग करने वाले ,मानव जाति एक है अखंड है, जिसमें ऊँच -नीच की कल्पना करना सत्य का गला घोंटना है, मनुष्य जन्म से नहीं कर्म से महान बनता है, आत्म शक्ति के प्रबल समर्थक भगवान महावीर जी के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं।

महावीर जिस युग में हुए तब घोर जातिवाद था और भगवान महावीर जातिवाद के घोर विरोधी थे ,महावीर के शासन में ना जाने कितने शूद्र और चांडाल दीक्षित हुए। भगवान महावीर के जीवन काल के समय गणतंत्र व्यवस्था अपने विकास के चरम पर थी जैसे आज आधुनिक भारत में लोकतंत्र अपने विकास की ओर अग्रसर हो रहा है हम लोकतंत्रीय परंपराओं को आत्मसात कर रहे हैं भगवान महावीर ने भी अपने सिद्धांतो में लोकतंत्रीय आदर्शों को आश्रय दिया। लोकतंत्र के विभिन्न आदर्श स्वतंत्रता, समानता, आत्म निर्णय का अधिकार ,अनुशासन, सापेक्षता, विश्वबंधुत्व ,वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जागरुकता , सहयोग, प्रेम, दया, सहिष्णुता आदि को भगवान महावीर ने प्रचारित प्रसारित किया जिससे लोककल्याण की सरिता उद्भूत हुई और जनमानस जागरुक बनकर लोक कल्याण की ओर अग्रसर हुआ। समानता के सिद्धांत के प्रतिपादक भगवान महावीर ही थे जिन्होंने स्वतंत्र आत्म शक्ति पर बल दिया था आत्मा का, आत्मा के द्वारा, आत्म कल्याण के सिद्धांत को प्रतिपादित किया था इस सिद्धांत के अनुसार जीव जंतु ,प्राणी, वनस्पति सभी को अपने समान मानते थे वे कहते थे आत्म शक्ति सबमें एक बराबर है चींटी से इंसान की सब जीवों की रक्षा करना वाणी है भगवान की।



महावीर जयंती पर विशेष

आर्थिक ,सामाजिक ,राजनीतिक ,धार्मिक और सांस्कृतिक समानता का उद्भव भगवान महावीर ने भी किया था जो मार्क्स की याद दिलाता है जिसने साम्यवाद का उद्घोष किया यह साम्यबाद आंतरिक परिवर्तन की प्रेरणा देता है। साम्यवाद साध्य व साधन दोनों की पवित्रता पर ध्यान देता है यही महावीर का सिद्धांत है जिसकी आज जरूरत है।

**आत्मअनुशासन :** इसका अर्थ है अपने आप पर शासन ,महावीर का मानना था कि अपने शरीर, मन, वाणी और सभी इंद्रियों पर नियंत्रण रखो , अपनी आत्मा पर शासन करो संयम, तप, निग्रह के द्वारा आत्मअनुशासन रखो वध बंधन के द्वारा किसी को मत सताओ और न किसी के सताए जाने योग्य बनो, स्वेच्छा ही जनतंत्र का आधार है।

**विश्व बंधुत्व :** वसुधैव कुटुंबकम के आदर्श का जितना सुंदर प्रतिपादन भगवान महावीर ने किया है उतना कदाचित ही कहीं हुआ हो संसार के प्रत्येक प्राणी यहाँ तक कि जड़ पदार्थों के प्रति भी उनके मन में दया के भाव थे वे किसी के प्रति शत्रुता का भाव नहीं रखते थे किसी से द्वेष नहीं करते थे अपने अपराध के लिए सबसे क्षमा प्रार्थी थे। खामेभी सब्ब जीवे सव्वे जीवा खमंतु मे मित्ती मे सव्व एसु ,बैरम् मज्झं न केणई । आधुनिक संघर्षशील युग में जब भाई भाई में, देश देश में ,द्वेष और घृणा के भाव पनप रहे हैं तब भगवान महावीर का यह विश्व बंधुत्व का संदेश राष्ट्रीयता अंतर्राष्ट्रीयता एवं लोकतंत्र के लिए अत्यंत आवश्यक है लोकतंत्र की प्रगति प्रेम ,सद्भाव, सहकारिता, सहानुभूति के वातावरण में ही होती है। इसके अतिरिक्त अंधविश्वास ,रुढ़िवादिता कर्मकांड का विरोध कर वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास से परीक्षण ,निरीक्षण एवं स्वविवेक से प्रत्येक वस्तु को जाने ,इन्हें सम्यक बनाने का उपदेश दिया अहिंसा, शांति , जागरुकता, न्याय, सत्य, संयम आदि को जीवन में उतारने का संदेश दिया ।महावीर मुक्ति हेतु इन आदर्शों की पुष्टि करते थे जो लोकतंत्र में आवश्यक है इन आधारों पर हम देखें तो महावीर और लोकतंत्र एक दूसरे के पर्यायवाची बन गये हैं।

महावीर के सिद्धांत चिंतन का विषय होने चाहिए तभी वर्तमान सुख कर और सुंदर बन पाएगा।

आज का युग शांति की अन्वेषणा  
कर रहा चढ़ भ्रांति के जलयान में  
लक्ष्य तक वह जा सकेगा क्या कभी  
बात यह आई सभी के ध्यान में।

## जरा हटके

### समुद्र की गहराइयों से 48 करोड़ साल पुराने जीव को खोजने का दावा

**सिडनी (ईएमएस)।** वैज्ञानिकों ने आस्ट्रेलिया के पास समुद्र की गहराइयों से 48 करोड़ साल पुराने जीव को खोजने का दावा किया है। वैज्ञानिकों ने ऐसे जीव को खोज निकाला है, जिसे धरती का 'जीवित इतिहास' कहा जा रहा है। यह जीव चेंबर नॉतिलस है। हैरानी की बात यह है कि इतने लंबे समय के बावजूद इसके आकार, बनावट और जीवनशैली में लगभग कोई बदलाव नहीं आया है, जिससे यह वैज्ञानिकों के लिए बेहद खास बन गया है। इस अनोखी खोज को श्मिट ओशन इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने अंजाम दिया।

उन्होंने एक अत्याधुनिक रिमोटली ऑपरेटेड व्हीकल ( आरओवी ) के जरिए कोरल सी की गहराइयों में उतरकर इस जीव को कैमरे में कैद किया। सैकड़ों मीटर नीचे रिकॉर्ड किए गए वीडियो में यह प्राचीन जीव अपने सर्पिल आकार के कवच के साथ बेहद शांत और संतुलित तरीके से तैरता नजर आता है। इसे देखकर ऐसा लगता है जैसे यह समय के प्रभाव से पूरी तरह अछूता है और करोड़ों साल पुरानी दुनिया की झलक आज भी जिंदा है।वैज्ञानिकों के अनुसार, चेंबर नॉतिलस का वंश डायनासोर से भी पहले का है। यह जीव उस समय से समुद्रों में मौजूद है, जब पृथ्वी पर जीवन का स्वरूप बिल्कुल अलग था। 'विजनिंग द कोरल सी' अभियान के दौरान शोधकर्ताओं ने एक ही मिशन में 18 नॉतिलस को देखा, जो एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। नॉतिलस की सबसे खास पहचान उसका सर्पिल आकार का कठोर कवच है, जो कई गैस-भरे चैंबरों में विभाजित होता है।

यह अनोखी संरचना उसे समुद्र की अलग-अलग गहराइयों में आसानी से तैरने और अपनी उछाल को नियंत्रित करने में मदद करती है। वैज्ञानिक इसे प्रकृति की उत्कृष्ट इंजीनियरिंग का उदाहरण मानते हैं, क्योंकि करोड़ों वर्षों में भी इसकी संरचना लगभग अपरिवर्तित रही है। हालांकि, यह अद्भुत जीव आज कई खतरों का सामना कर रहा है। इसकी धीमी विकास दर, जिसमें इसे परिपक्व होने में लगभग 15 साल लगते हैं, इसकी आबादी को तेजी से बढ़ने नहीं देती।

## फोटो ऑफ द डे




लंदन में पार्क लेन से ट्राफेलगर स्क्वायर तक राइट एक्सट्रीमिज्म का विरोध करते हुए एक रैली निकली जिसमें बैनर लिए हुए एक बच्चा।

## व्यंग

# हैरत इंडियन

सुदर्शन कुमार सोनी

हैरत की बात है ! हम सदियों से 'हैरत-अंगेज़' शब्द को ढोते चले आ रहे हैं। ढोने में हम महारती है। हम ढोते हैं पैट्रोल डीज़ल की बढ़ी क़ीमत तो झुग्गियों से होती बिजली चोरी के कारण राजस्व के अंतर को पाटने का बोझ। तो कभी आरक्षण के नाम पर चल रहे सामाजिक आर्थिक अंतर के बोझ को। नागरिक सेवाओं में भ्रष्टाचार के बोझ को। सूची बेरोज़गारी की लाईन की तरह लम्बी है। अब अँग्रेज़ तो रहे नहीं ! गंगाधर की दिली इच्छा है कि हैरत-अंगेज़ बीते दिनों की बात हो हैरत इंडियन कार्यों का समय आ जाये। कोरोना काल में पहली हैरत हिंदुस्तानी बात तो यही होती कि रेमडेसिविर, एम्फेटेरेसिन जैसे इंजेक्शन व आक्सीजन सिलेंडर की कालाबाज़ारी शून्य होकर सहजता से उपलब्ध होते। राशन दुकानों में सालों से चल रही हेरा-फेरी गधे के सिर से सींग की तरह ग़ायब हो जाये। हर बरसात मुम्बई जैसे महानगरों में बहुमंज़िला भवनों का भरभराकर गिरना उसमें लोगों का असमय अल्लाह को प्यारे होना बंद हो जाये। हैरत तो तब भी होगी कि हर दो-चार माह में ज़हरीली शराब पीकर मरने संबंधी घटनाएँ पूर्णरूपेण बंद हो जायें। संसद विधान सभाओं में कोरम पूरा हो।

राष्ट्रीय मुद्दों पर छीछालेदारी बंद होकर विपक्ष व सत्तापक्ष एक मत हो जाये। राजनैतिक दलों द्वारा प्रत्याशियों का चयन जात-पात के आधार पर न हो। किसी चुनाव में पराजित पक्ष ने इवीएम के सिर पर पराजय का ठीकरा नहीं फोड़ा जाये। हैरत भारतीय होगा कि कभी भारत नहीं इंडिया बंद हो। करोड़पति किसानों को भी कृषि आय पर कर देना पड़े। किसान आंदोलन का समाप्त हो जाना भी अब हैरत भारतीय घटना ही होगी।

एक बार बना पुल कभी न गिरे। अँग्रेज़ों के ज़माने के पुल जैसे हो जायें तो यह हैरत-अंगेज़ व हैरत हिन्दुस्तानी दोनों ही बात होगी ! आयात से निर्यात ज़्यादा हो जाये। सरकारी कार्यालयों में कर्मचारियों को कुर्सी से मोह हो जाये और उधर नेताओं को कुर्सी से विकर्षण हो जाये। घोटाले पूरी तरह विदा हो जायें तो हम हैरत में क्यों नहीं पड़ेंगे। दिग्विजय सिंह, कंगना, बाबा रामदेव, सुब्रमणयम स्वामी जैसे महानुभाव महान बयान देना बंद कर दें। बेरोजगारी व महँगाई न्यूनतम हो जाये। सबसे बड़ा हैरत भरा दिन तब होगा जब कि देश में बलात्कार की कोई घटना नहीं होगी। कोई साल ऐसा होगा कि जब नवविवाहिता की दहेज़ को लेकर हत्या नहीं की गयी हो। कोई दशक ऐसा हो जब कि जनसंख्या वृद्धि दर निगेटिव हो। पाक अधिकृत कश्मीर का विलय भारत में हो जाये। चीन से हम अपनी भूमि वापिस छीन लें। ग़रीबी, छुआछूत, क्षेत्रवाद, सम्प्रदायवाद, जातिवाद मिट जायें हैरत ही हैरत ! लिंग अनुपात समान हो जाये।

धार्मिक स्थलों पर लगे लाऊड स्पीकर धीमे हो जायें। हर गांव में डॉक्टर के पाँव पड़ें। दूध वाला दूध में पानी व सुनार सोने में मिलावट बंद कर दे। होगी न हैरत क्यों न होगी। हमारी पुलिस स्काटलेंड यार्ड जैसी हो जाये थाने में लिखा देश भक्ति जन सेवा पग-पग पर झलकने लगे। एक साल ऐसा भी आये कि निजी स्कूलों ने सत्र की शुरूआत पर कौन सी दुकान से कितनी किताबें लेनी हैं की पर्ची छात्रों को नहीं दी हो।

## चिंतन-मनन

### मृत्यु का अर्थ

मृत्यु एक शात सत्य है। यह अनुभूति प्रत्यक्ष प्रमाणित है, फिर भी इसके संबंध में कोई दर्शन नहीं है। अब तक जितने ऋषि-महर्षि या संत-महंत हुए हैं, उन्होंने जीवन दर्शन की चर्चा की है। जीवन के बारे में ऐसी अनेक दृष्टियां उपलब्ध हैं जिनसे जीवन को सही रूप में समझा जा सकता है और जिया जा सकता है। किंतु मृत्युक को एक अवश्यंभावी घटना मात्र मानकर उपेक्षित कर दिया गया। मृत्यु के पीछ भी कोई दर्शन है, इस रहस्य को अधिक लोग पकड़ ही नहीं पाए। यही कारण है कि जीवन दर्शन की भांति मृत्यु दर्शन जीवन में उपयोगी नहीं बन सका। जैन दर्शन एक ऐसा दर्शन है जिसने जीवन को जितना महत्व दिया, उतना ही महत्व मृत्यु को दिया। बशत्रे कि वह कलात्मक हो। कलात्मक जीवन जीने वाला व्यक्ति जीवन की सब विसंगतियों के मध्य जीता हुआ भी उसका सार तत्व खींच लेता है। इसी प्रकार मृत्यु की कला समझने वाला व्यक्ति भी मृत्यु से भयभीत न होकर उसे चुनौती देता है। जैन दर्शन में इसका सर्वांगीण विवेचन उपलब्ध है।

मृत्यु का अर्थ है- आयुष्य प्राण चुक जाने पर जीव का स्थूल शरीर से वियोग।इसके कई प्रकार हैं। उन सबका संक्षिप्त वर्गीकरण किया जाए तो मृत्यु के दो प्रकार होते हैं- बाल मरण और पंडित मरण. असंयम और असमाधिमय मरण बाल मरण है। अकाल मृत्यु, आत्महत्या, अज्ञान मरण आदि सभी प्रकार के मरण बाल मरण में अंतर्निहित हैं।

## स्वास्थ्य

### मेक्सिको में प्रत्येक व्यक्ति साल भर में करते हैं 363 अंडों का सेवन

**मेक्सिको सिटी (ईएमएस)।** दुनिया भर में प्रति व्यक्ति अंडों की खपत के मामले में मेक्सिको नंबर वन बना हुआ है। यहां एक व्यक्ति सालभर में औसतन करीब 363 अंडों का सेवन करता है। मेक्सिको में अंडों को सस्ते, पौष्टिक और आसानी से उपलब्ध प्रोटीन के प्रमुख स्रोत के रूप में देखा जाता है, जिसके कारण वहां इसकी खपत लगातार उच्च स्तर पर बनी हुई है। दूसरी ओर, भारत खपत के मामले में भले ही मेक्सिको से पीछे है, लेकिन उत्पादन के क्षेत्र में देश ने मजबूत स्थिति हासिल कर ली है। वर्ष 2024-25 के आंकड़ों के अनुसार, भारत में अंडों का कुल उत्पादन करीब 149.11 अरब तक पहुंच गया है, जिससे वह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा अंडा उत्पादक बन गया है। पोल्ट्री उद्योग में लगातार हो रहे विस्तार, तकनीकी सुधार और बेहतर प्रबंधन ने इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हालांकि, भारत में प्रति व्यक्ति अंडों की खपत अभी भी अपेक्षाकृत कम है। यहां एक व्यक्ति सालभर में औसतन लगभग 106 अंडे ही खाता है, जो मेक्सिको के मुकाबले काफी कम है और वैश्विक औसत से भी नीचे आता है। इसके बावजूद, दक्षिण एशिया के अन्य देशों की तुलना में भारत बेहतर स्थिति में है और यहां अंडों की मांग और आपूर्ति दोनों में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। इसी बीच उत्तर प्रदेश में 1 अप्रैल 2026 से लागू होने जा रहा नया नियम भी चर्चा में है।

# ईरान में तख्तापलट का ख्वाब देख रहे ट्रंप के खिलाफ ही लाखों लोग सड़कों पर उतरे

### 'नो किंग्स' आंदोलन के तहत अमेरिका के 3200 स्थानों पर हुआ विरोध प्रदर्शन




**वाशिंगटन।** ईरान में तख्तापलट और बगावत का ख्वाब देख रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल?ड ट्रंप को अपने ही देश में विरोध का सामना करना पड़ा रहा है। 'नो किंग्स' आंदोलन के तहत अमेरिका के 3,200 स्थानों पर 90 लाख लोग सड़कों पर उतर आए। तानाशाही रवैये और युद्ध नीतियों के खिलाफ भड़का यह आक्रोश अब ट्रंप की कुर्सी के लिए खतरा बन गया है। अमेरिका में ट्रंप की नीतियों के खिलाफ जन-आक्रोश की एक नई लहर देखने को मिली है। शनिवार को अमेरिका के सभी 50 राज्यों समेत दुनिया के कई प्रमुख शहरों में नो किंग्स विरोध प्रदर्शन हुए। आयोजकों का दावा है कि यह अमेरिकी इतिहास के सबसे बड़े विरोध प्रदर्शनों में से एक है।

इस बार के प्रदर्शनों के केंद्र में तीन मुख्य मुद्दे हैं- पिछले चार हफ्तों से ईरान के साथ चल रहे सैन्य संघर्ष और अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप का कड़ा विरोध। विशेष रूप से मिनेसोटा में संघीय एजेंटों द्वारा रेनी गुड और एलेक्स प्रेटी की मौत के बाद गुस्सा चरम पर है। वहीं प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि ट्रंप प्रशासन निरंकुश तरीके से काम कर रहा है और संवैधानिक मर्यादाओं को चुनौती दे रहा है। यह आंदोलन केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं रहा। देशभर में 3,200 से ज्यादा कार्यक्रम आयोजित किए गए।

रिपोर्ट के मुताबिक न्यूयॉर्क में टाइम्स स्क्वायर पर हजारों की भीड़ ने लोकतंत्र बचाओ के नारे लगाए।

### संकट अभी टला नहीं है, महायुद्ध से महाविनाश की तरफ बढ़ रहे अमेरिका और ईरान

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सनक ने पूरी दुनिया को संकट में डाल दिया है। खुद अमेरिका उनका विरोध कर रहे हैं और महायुद्ध के लिए ट्रंप को जिम्मेदार मान रहे हैं। इसके बाद भी उनकी जंगी सनक कम होने का नाम नहीं ले रही है। हालात ये हैं दोनों देश महायुद्ध की तरफ बढ़ रहे हैं इससे महाविनाश की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। बढ़ते तनाव को देखते हुए अमेरिका ने क्षेत्र में अपनी सैन्य उपस्थिति को बड़े स्तर पर बढ़ाते हुए 3,500 से अधिक अतिरिक्त सैनिकों की तैनाती कर दी है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने पुष्टि की है कि आधुनिक युद्धपोत यूएसएस त्रिपोली अपने निर्धारित ऑपरेशनल जोन में पहुंच चुका है। इस युद्धपोत पर लगभग 2,500 मरीन सैनिक सवार हैं, जो किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं।



एशिया में नई जंग की आहट-जापान ने चीन की दहलीज तक तैनात कीं लंबी दूरी की मिसाइलें।

# फिर आया सुप्रील लीडर मोजतबा खामेनेई का संदेश, ईराक के लोगों का किया शुक्रिया

### मोजतबा कहां हैं और उनकी हालत क्या है? मोसाद और अमेरिकी ड्रोन्स ढूंढ रहे



**तेहरान।** ईरान के नए सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई का एक मैसेज सामने आया है, लेकिन हमेशा की तरह, इस बार भी न तो उनकी कोई तस्वीर दिखी, न कोई वीडियो सामने आया और न ही उनकी आवाज सुनाई दी। बस एक कागज का टुक?ा, जिसे उनका संदेश बताकर दुनिया के सामने पेश किया गया। इससे पहले भी जब उनका मैसेज आया था, तब भी ऐसे ही कागज का टुकड़ा देखने को मिला था। आखिर ईरान के सुप्रीम लीडर किसे शुक्रिया कह रहे हैं, उनकी सेहत पर किस तरह की चर्चा है?

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मोजतबा खामेनेई ने ताजा मैसेज में इराक के धार्मिक नेताओं और वहां की जनता को धन्यवाद दिया है। मोजतबा ने इराक के लोगों को ईरान के खिलाफ हो रही आक्रामकता पर उनके स्पष्ट और मजबूत स्टैंड के लिए शुक्रिया कहा, लेकिन यह संदेश सीधे तौर पर नहीं दिया गया। ईरानी मीडिया के मुताबिक बगदाद में इराक की 'सुप्रीम इस्लामिक असेंबली' के स्पीकर और ईरानी राजदूत के बीच एक बंद कमरे में गुपचुप मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान यह 'संदेश' एक इराकी अधिकारी के हाथ में दिया गया।

मोजतबा खामेनेई हैं कहां और उनकी हालत क्या है? उनके जिंदा होने या पूरी तरह स्वस्थ होने पर दुनिया भर की खुफिया एजेंसियों को भारी शक है। 28 फरवरी को जब अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर पहली बार भीषण एयरस्ट्राइक की थी, तो उसी दिन मोजतबा के पिता और तत्कालीन सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई मारे गए थे। हैरान करने वाली बात यह है कि एक महीना बीत जाने के बाद भी अयातुल्लाह अली खामेनेई को अब तक दफनाया नहीं गया है। इस रहस्यमयी खामोशी पर ट्रंप ने कुछ दिनों पहले कहा था कि मोजतबा खामेनेई या तो मर चुका है, या फिर उसकी हालत बहुत ज्यादा खराब है, क्योंकि किसी ने भी उसकी कोई खबर नहीं सुनी है।

इजराइल ने बहुत पहले ही कसम खा ली थी कि मोजतबा सत्ता संभाले या न संभाले, वह इजरायली हिट-लिस्ट में सबसे ऊपर है।

## ईरान का कुवैत के पानी प्लांट पर हमला, भारतीय की मौत, अब तक 8 भारतीयों की गई जान

**कुवैत सिटी।** कुवैत सरकार ने घोषणा की है कि सोमवार तड़के ईरान की ओर से किए गए हमले में कुवैत के एक बिजली और जल डिसेलिनेशन संयंत्र पर काम कर रहे एक भारतीय कर्मचारी की मौत हो गई। इस घटना के साथ ही पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष में मारे गए भारतीय नागरिकों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है। कुवैत के बिजली और जल मंत्रालय ने एक्स पर पुष्टि की कि ईरान के हमले में संयंत्र की एक सेवा इमारत को भी नुकसान पहुंचा और इसे खाड़ी राष्ट्र के खिलाफ 'ईरानी आक्रमण' की कड़ी निंदा की।

मंत्रालय ने कहा कि इस हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई और इमारत को गंभीर क्षति पहुंची। अधिकारियों ने बताया कि आपातकालीन और तकनीकी प्रतिक्रिया टीमों को तुरंत मौके पर भेजा गया ताकि स्थिति को नियंत्रित किया जा सके, साथ ही नुकसान को कम किया जा सके और संयंत्र के संचालन में बड़े व्यवधान से बचा जा सके। मंत्रालय ने जोर दिया कि 'बिजली और जल अवसंरचना की सुरक्षा और स्थिरता सर्वोच्च प्राथमिकता हैं और तकनीकी टीमें किसी भी आगे के जोखिम की आशंका के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही हैं ताकि आवश्यक सेवाओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

यह घटना संयुक्त अरब अमीरात में हाल ही में हुई एक दुखद घटना के कुछ दिन हुई है, जिसमें पिछले गुरुवार को अबू धाबी में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई थी, जब एक बैलिस्टिक मिसाइल को इंटरसेप्ट किया गया और मलबा गिरने की वजह से वह घायल हो गया था। भारतीय दूतावास ने कहा था कि वह 'यूएई अधिकारियों के साथ निकटता से काम कर रहा है।

### ट्रंप का दावा- ईरान से हो गई डील, अब होर्मुज से गुजरेंगे अमेरिका के 20 तेल टैंकर

**वॉशिंगटन।** ईरान और अमेरिका के बीच जारी भीषण सैन्य तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही ठप होने के बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक चौंकाने वाला दावा किया है। ट्रंप का कहना है कि ईरान ने सम्मान के संकेत के तौर पर अमेरिका को 20 विशाल तेल टैंकर भेजने का निर्णय लिया है। राष्ट्रपति के अनुसार, ये टैंकर सोमवार सुबह से होर्मुज के रास्ते गुजरना शुरू होंगे। एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने इसे एक सकारात्मक कदम बताया और कहा कि ईरान अब बातचीत के लिए गंभीर नजर आ रहा है। ट्रंप ने पहले 10 टैंकरों की बात कही थी, लेकिन अब उनकी संख्या बड़कर 20 हो गई है, जो सीधे अमेरिका की ओर बड़ेंगे।




आईपीएल में आज होगा गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स का मुकाबला।

# आईपीएल में सबसे कम गेंदों में 3000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज है ऋषभ



**मुम्बई।** आईपीएल में सबसे कम गेंदों का सामना करते हुए 3000 रन बनाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज ऋषभ पंत हैं। उन्होंने 2080 गेंदों का सामना करते हुए 3000 रन बनाए हैं। ऋषभ अभी लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान हैं और इस सत्र में उनके प्रदर्शन पर सबकी नजरें रहेंगी। सबसे कम गेंदों में 3000 रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की सूची में सूची में दूसरे नंबर पर पूर्व ऑलराउंडर युसूफ पठान हैं। पठान ने 2082 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की थी। वहीं सूची में तीसरे स्थान पर भारतीय टीम के पूर्व कप्तान मुंबई इंडियंस के सूर्यकुमार यादव का नाम है। यादव ने 2130 गेंदों का सामना करते हुए आईपीएल में अपने 3000 रन पूरे किए हैं।

इस सूची में चौथे स्थान पर पूर्व बल्लेबाज और सीएसके के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना हैं, जिन्होंने 2135 गेंदों में 3000 रन बनाए हैं। रैना के बाद इस सूची में महेंद्र सिंह धोनी का नाम है। धोनी इस सूची में पांचवें स्थान पर हैं। उन्होंने 2152 गेंदों में 3000 रन बनाने का कारनामा किया है। वहीं स सूची में अब 6वें नंबर पर ईशान किशन का नाम आ गया है और उन्होंने 2180 गेंदों में अपने तीन हजार रन पूरे किए हैं। लोकेश राहुल सूची में 7वें स्थान पर हैं, जिन्होंने 2203 गेंदों में 3000 रन बनाए थे। सनराजइर्स हैदराबाद की कप्तान संभाल रहे ईशान किशन ने आईपीएल के इस सत्र के पहले ही मैच में अपने इरादे जता दिये हैं। ईशान ने पहले ही मैच में 8 चौकों और 5 छक्कों की सहायता से 80 रन बनाकर किशन का स्ट्राइट रेट 210 से ज्यादा का रहा। इस धमाकेदार पारी के साथ ईशान ने 2180 गेंदों पर अपने 3000 रन पूरे किये। ईशान के आईपीएल करियर की बात करें तो उन्होंने 2016 में अपना आईपीएल डेब्यू किया था। इसके बाद से ही वह लगातार आगे बढ़त रहे हैं। उन्होंने ने अब तक कुल 120 आईपीएल मैच खेले हैं, जिसकी 113 पारियों में बल्लेबाजी करते हुए 29.6 की औसत और 138.90 की स्ट्राइक रेट के साथ कुल 3078 रन बनाए हैं।

## क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने केकेआर के कप्तान रहाणे के बयान पर नाराजगी जतायी




**सिडनी।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने आईपीएल में खेल रहे ऑलरांडर कैमरुन ग्रीन के गेंदबाजी नहीं करने के मामले को लेकर कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के कप्तान आजिंक्य रहाणे पर निशाना साधा है। सीए का कहना है कि रहाणे झूठ बोल रहे हैं। साथ ही कहा है कि नीलामी के समय ही ये बात बता दी गयी थी कि ग्रीन पूरी तरह से फिट नहीं होने के कारण आईपीएल में शुरुआती दो सप्ताह तक गेंदबाजी नहीं कर सकेंगे। ये मामला तब उठा जब मुम्बई इंडियंस के खिलाफ पहले ही मैच में केकेआर की गेंदबाजी अच्छी नहीं होने के बाद भी ग्रीन ने एक भी ओवर नहीं किया जबकि केकेआर ने 25 करोड़ 20 लाख रुपये की बोली लगाकर ग्रीन को खरीदा था। ऐसे में ग्रीन को गेंदबाजी न देने से कई लोगों ने सवाल किये जिसपर रहाणे ने कहा कि ये बात वे सीए से ही पूछें। रहाणे के इसी बयान को लेकर सीए ने नाराजगी जतायी है। सीए का कहना है कि टेस्ट सत्र से उसे अपने केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों पर कामकाज के बोझ को कम करना होता है। यही कारण है कि ग्रीन को उसने आईपीएल में गेंदबाजी की अनुमति नहीं है पर ये बात केकेआर को पहले ही बता दी गयी थी।सीए के एक अधिकारीन ने कहा कि कैमरन को कमर के निचले हिस्से में चोट लगी है, जिसका इलाज चल रहा है।

## पीएसएल में गेंद से छेड़छाड़ करते पाये गये फखर जमां



### शाहीन, हारिस और राउफ की भी जांच होने की संभावना

**लाहौर।** पाकिस्तान में पाक सुपर लीग (पीएसएल) 2026 की शुरुआत में ही विवाद हो गया है। सुपर लीग में गेंद से छेड़छाड़ का मामला सामने आने के बाद एक बार फिर हडकंप मचा हुआ है। इससे पाक क्रिकेट में व्याप्त बेइमानी की पोल एक बार फिर खुल गयी है। इस बार बल्लेबाज फखर जमां गेंद से छेड़छाड़ करते हुए पाये गये हैं जिसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया में आया है। इस मामले में फखर के अलावा कप्तान शाहीन शाह अफरीदी, गेंदबाज हारिस राउफ और बल्लेबाज फखर जमां पर भी कार्रवाई होने की संभावनाएं हैं। गेंद से छेड़छाड़ का ये मामला पीएसएल के लाहौर कलंदर्स और कराची किंग्स मैच का है।

लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में पीएसएल का छठा लीग मैच लाहौर कलंदर्स और कराची किंग्स के बीच खेला जा रहा था। इस मैच में कम रन बने थे पर अंतिम ओवर में गेंद से छेड़छाड़ शुरु हो गयी। इसमें शाहीन और राउफ के भी शामिल होने का संदेह है। फखर जब गेंद से छेड़छाड़ कर रहे थे तब कैमरे की नजरें उनपर बनीं थीं।

इस मैच में लाहौर कलंदर्स को अंतिम ओवर में जीत के लिए 13 रन बनाने थे। इसी दौरान जब कप्तान शाहीन अंतिम ओवर फेंकने आए तब हारिस और फखर योजना बना रहे थे। इस दौरान एक खिलाड़ी पानी भी लेकर आया। इससे ऐसा लग रहा था कि वे अंतिम ओवर में मैच में हार से बचने की योजना बना रहे थे पर वास्तव में उनकी नजरें गेंद से छेड़छाड़ पर लगीं थीं। अंपायरों ने आसानी से इसे पकड़ा और मैच में ही 5 रन की पेनल्टी लाहौर की टीम पर लगा दी।

# रोहित ने पहले ही मैच में 550 छक्के पूरे किये, कई रिकार्ड भी अपने नाम किये




**मुम्बई।** मुम्बई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने आईपीएल 2026 सत्र के पहले ही मैच में आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान ही अपने 550 छक्के लगा दिये। इस दौरान रोहित ने कई अन्य रिकार्ड भी बनाये। रोहित ने केवल 23 गेंदों में ही अर्धशतक लगा दिया। ये उनके आईपीएल करियर का सबसे तेज अर्धशतक भी रहा है। उन्होंने यह अर्धशतक पावरप्ले के अंदर ही पूरा कर लिया।

इस पारी में तीन छक्के लगाते ही रोहित ने टी20 क्रिकेट में अपने 550 छक्के भी पूरे किये। इसके साथ ही वह टी20 में 500 से ज्यादाछक्के लगाने वाले पहले एशियाई खिलाड़ी व विश्व के 9वें खिलाड़ी बन गये हैं।

इस पारी के दौरान ही रोहित ने केकेआर के खिलाफ अपने 1100 रन पूरे कर लिए। इसी के साथ ही केकेआर के खिलाफ सबसे अधिक रन बनाने वाले मुम्बई के खिलाड़ी बन गये हैं। रोहित शर्मा ने अपने आईपीएल करियर में 50वीं बार 50 से अधिक स्कोर बनाया। इसके साथ वह ऐसा करने वाले चौथे खिलाड़ी बने। विराट कोहली के बाद वह दूसरे भारतीय खिलाड़ी हैं जिसने इतने अधिक अर्धशतक लगाये हैं।

### सैम करन बोले, कोच मैक्कुलम से उनका हुआ था टकराव

**लंदन।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के मुख्य कोच ब्रेंडन मैक्कुलम और क्रिकेट डायरेक्टर रॉब की के रवैये पर एक बार फिर सवाल उठे हैं। हाल ही में लियाम लिविंगस्टोन और जॉनी बेयरस्टो ने इन दोनो की नीतियों पर सवाल उठाये थे। वहीं अब ऑलराउंडर सैम करन ने कहा है कि एक बार टीम से बाहर किये जाने पर उनका कोच से टकराव तक हो गया था। काउंटी क्रिकेट सत्र के ठीक पहले करन के आये इस बयान से साफ है कि इंग्लैंड की टीम से बाहर किए गए खिलाड़ियों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं होता है।करन ने कहा कि इसी कारण एक बार उन्होंने गुस्से में कोच से पूछ लिया कि उन्हें टेस्ट टीम से इतने लंबे समय तक बाहर क्यों रखा गया। करन एक साल से अधिक समय तक सीमित ओवर टीम से भी बाहर रहे थे। करन ने कहा, मुझे लगता है कि यह उन चीजों में से एक है।

## संक्षिप्त समाचार

### कर्ज वसूली के चलते युवक ने खाया जहर

#### आत्महत्या के लिए उकसाने पर चार लोगों पर मामला दर्ज

**कटनी ( ब्यूरो )।** रूपयों के लेनदेन को लेकर चल रहे विवाद के चलते एक युवक ने सल्फास खाकर जान देने का प्रयास किया। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए चार लोगों पर मामला दर्ज किया है। आजाद चौक मसरूहा वार्ड निवासी 39 वर्षीय नीतेश गुप्ता पिता नारायण दास गुप्ता ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि विजय कनकने, प्रीतेश बिलैया, दीपक गुप्ता और संदीप गुप्ता ने उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से इस कदर प्रताड़ित किया कि उनका जीना दूभर हो गया। पैसों के लेनदेन को लेकर उपजे विवाद में आरोपियों ने सीमाएं लांघ दीं। पुलिस के अनुसार युवक को मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हुए आरोपियों ने उसे खुदकुशी करने के लिए हाथ में सल्फास तक थमा दिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने विजय कनकने, प्रीतेश बिलैया, दीपक गुप्ता और संदीप गुप्ता के विरुद्ध धारा 108, 62, 54, मप्र ऋणियों का संरक्षण अधिनियम की धारा 3 व 4 के तहत मामला दर्ज किया है।

### उत्कल एक्सप्रेस के टॉयलेट में मिला नवजात शिशु

#### रेल पुलिस ने अस्पताल में कराया भर्ती



**कटनी ( ब्यूरो )।** मुड़वारा रेलवे स्टेशन पर कल सुबह उस समय अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया, जब हरिद्वार से पुरी की ओर जा रही उत्कल एक्सप्रेस के एस 4 कोच में नवजात शिशु लावारिस हालत में पड़ा हुआ मिला। टॉयलेट में सबसे पहले लावारिश शिशु को ट्रेन में सफर कर रहे एक यात्री ने देखा। बताया जाता है कि यात्री जब कोच के टॉयलेट में गया, तो वहां उसे एक नवजात शिशु पड़ा हुआ दिखाई दिया। यह देखकर वह घबरा गया और तुरंत रेलवे के आपातकालीन नंबर पर कॉल कर कंट्रोल रूम को सूचना दी। सूचना मिलते ही आरपीएफ और जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची और तत्काल स्थिति को संभालते हुए लावारिश पड़े शिशु को अपने कब्जे में ले लिया। रेलवे पुलिस ने नवजात शिशु को सुरक्षित बाहर निकालकर तुरंत जिला अस्पताल भिजवाया, जहां उसे अस्पताल के स्पेशल केयर न्यू बॉर्न यूनिट में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों की निगरानी में शिशु का उपचार किया जा रहा है। आरपीएफ और जीआरपी ने यात्रियों से पूछताछ करते हुए अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आखिर शिशु को इस हालत में ट्रेन में किसने और क्यों छोड़ा। इस घटना ने एक बार फिर समाज में संवेदनहीनता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। मासूम को इस तरह छोड़ना न केवल अमानवीय है, बल्कि एक गंभीर अपराध भी है। पुलिस ट्रेन के उस कोच में सफर कर रहे यात्रियों के चार्ट खंगाल रही है। सीसीटीवी फुटेज और यात्रियों से पूछताछ के जरिए यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि आखिर इस मासूम को इस हालत में किसने और यों छोड़ा।

### कुठला थाना क्षेत्र के लमतरा फाटक के पास बस पलटी, एक दर्जन यात्री घायल



**कटनी ( ब्यूरो )।** कुठला थाना अंतर्गत लमतरा फाटक के समीप कल एक अनियंत्रित बस पलटने से हड़कंप मच गया। इस सड़क दुर्घटना में बस में सवार लगभग एक दर्जन यात्री घायल हो गए हैं, जिन्हें उपचार के लिए तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुप्ता बस सर्विस की बस (क्रमांक एमपी 53 पी 0214) विजयराघवगढ़ से कटनी की ओर आ रही थी। लमतरा के पास बस अचानक बंद हो गई। बताया जा रहा है कि बस को धक्का लगाकर चालू करने का प्रयास किया जा रहा था, लेकिन कुछ दूर आगे बढ़ते ही बस अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना की सूचना मिलते ही कुठला थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची। पुलिस कर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला और एंबुलेंस के माध्यम से सभी घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। अस्पताल में डॉक्टरों की टीम घायलों का उपचार कर रही है।

# एमपी में मिसाल बना कटनी: प्रदेश का पहला यातायात थाना जहाँ 'सिम्युलेटर' से दी जाएगी ड्राइविंग की ट्रेनिंग

**कटनी ( ब्यूरो )।** मध्य प्रदेश के कटनी जिले ने सड़क सुरक्षा और आधुनिक तकनीक के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। सोमवार, 30 मार्च 2026 को कटनी यातायात थाने में अत्याधुनिक 'ट्रैफिक पाठशाला' और 'वर्चुअल ड्राइविंग सिम्युलेटर रूम' का भव्य शुभारंभ किया गया। इस नवाचार के साथ ही कटनी यातायात थाना, प्रदेश का ऐसा पहला थाना बन गया है जहाँ जन-सहयोग से आधुनिक सिम्युलेटर स्थापित किया गया है।

### एसपी ने किया शुभारंभ, छात्र बने पहले 'वर्चुअल राइडर'

इस विशेष परियोजना का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन के अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राओं को सिम्युलेटर के माध्यम से वर्चुअल राइडिंग का अनुभव कराया गया। एसपी श्री विश्वकर्मा ने बताया कि इस आधुनिक सेटअप का उद्देश्य युवाओं को सड़क पर उतरने से पहले एक सुरक्षित डिजिटल वातावरण में ड्राइविंग की बारीकियां और यातायात संकेतों की 'सांकेतिक भाषा' समझाना है।

### क्या हैं इस आधुनिक केंद्र की विशेषताएं




वर्चुअल ड्राइविंग सिम्युलेटर: बिना वास्तविक वाहन के स्क्रीन और कंट्रोलर के जरिए ड्राइविंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे नए चालकों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और गलतियों की गुंजाइश कम होगी। स्कूली बच्चों के लिए विशेष कक्षाएं आयोजित की जाएंगी, जहाँ उन्हें ट्रैफिक सिग्नल और सुरक्षित यात्रा के नियम सिखाए जाएंगे। केंद्र पर 'सारथी पोर्टल' के माध्यम से लर्निंग लाइसेंस के आवेदन, आधार सत्यापन और ऑनलाइन परीक्षा की पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से समझाया जा रहा है।

### दुर्घटनाएं कम करने की दिशा में मील का पत्थर

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसपी अभिनय विश्वकर्मा ने कहा, 'यह कटनी के लिए गर्व की बात है कि हमारा थाना प्रदेश में इस नवाचार की शुरुआत करने वाला पहला केंद्र बना है। यह तकनीक सड़क दुर्घटनाओं को न्यूनतम स्तर पर लाने में मददगार साबित होगी।

### लगातार शिकायतों के बाद बहोरीबंद थाना प्रभारी हटाए गए

**कटनी (ब्यूरो)।** बहोरीबंद थाना क्षेत्र में लगातार मिल रही कदाचरण संबंधी शिकायतों के बाद पुलिस प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी बहोरीबंद को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र से प्राप्त शिकायतों के सत्यापन हेतु पृथक अनुभाग के राजपत्रित पुलिस अधिकारियों द्वारा जांच कराई गई थी। जांच के दौरान थाना प्रभारी का अधीनस्थ कर्मचारियों पर नियंत्रण कमजोर पाया गया, जिसके चलते वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए उन्हें पद से हटाने का निर्णय लिया। पुलिस विभाग द्वारा की गई इस कार्रवाई को अनुशासन एवं कार्यप्रणाली में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि पुलिस व्यवस्था में लापरवाही या कदाचरण किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। पुलिस प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि थाना क्षेत्र की कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए आगे भी आवश्यक प्रशासनिक कदम उठाए जाते रहेंगे।

# आस्था भक्ति के साथ मनाई गई भगवान महावीर की जयंती



**मैहर ( ब्यूरो )।** सत्य, अहिंसा और अपरिग्रह के भगवान महावीर की जयंती सोमवार को अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सुबह 7 बजे स्थानीय श्री दिगंबर जैन मंदिर में श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। भगवान का अत्यंत भक्ति भाव से अभिषेक और शांतिधारा संपन्न की गई। इसके पश्चात सकल जैन समाज द्वारा सामूहिक पूजन कर विश्व शांति की कामना की गई। नगर भ्रमण पर निकले प्रभु पूजन के उपरांत सुबह 8 बजे भगवान जी को भव्य पालकी में विराजमान किया गया। श्री दिगंबर जैन मंदिर से प्रभु की शांतिपूर्ण प्रभात फेरी शुरू हुई जो नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। पालकी यात्रा में भगवान के जयकारों से पूरा मैहर नगर गूंज उठा। इस पावन अवसर पर जिनेश्वर दास जैन, डॉ. कैलाशचंद्र जैन, रजनीश जैन, रमेश जैन, जितेश जैन, सुनील जैन, प्रमोद जैन, जयंत जैन, सुबोध जैन, संजय जैन एवं प्रभात जैन उपस्थित रहे।

# डॉ. चौरसिया शतरंज में दोहरी चैंपियन शिप पर जमाया कब्जा




**मैहर ( ब्यूरो )।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय कन्या महाविद्यालय सागर में आयोजित उच्च शिक्षा विभाग की राज्यस्तरीय शतरंज विधा की चैंपियन शिप राज्यस्तरीय विधि महाविद्यालय के डॉ. बृजेश कुमार चौरसिया ने दोहरी चैंपियनशिप पर कब्जा किया। डॉ. बृजेश चौरसिया ने उच्च शिक्षा विभाग की राज्यस्तरीय चैंपियन शिप को लगातार 28 वीं बार जीतने वाले अकेले शिक्षक हैं। उन्होंने अब तक अपराजेय रहते हुए सतत रूप से चैंपियन शिप पर अपना कब्जा बरकरार रखा है। हमेशा की तरह इस बार भी उन्होंने व्यक्तिगत स्पर्धा के साथ साथ टीम चैंपियनशिप का भी पदक अपने नाम किया। डॉ. बृजेश कुमार चौरसिया प्रतियोगिता में अकेले ऐसे व्यक्ति थे जिनकी ईएलओ रेटिंग 2137 ए रैपिड रेटिंग 2042 एवं ब्लिट्ज रेटिंग 2037 थी। डॉ. चौरसिया विश्व के सक्रिय खिलाड़ियों में 14649 वीं भारत में 466 वीं एवं एशिया महाद्वीप में 2007 वीं रैंकिंग प्राप्त खिलाड़ी हैं। उल्लेखनीय है कि मैहर के डॉक्टर बृजेश कुमार चौरसिया अभी हाल ही में अखिल भारतीय सिविल सेवा शतरंज का वेटरनर वर्ग का गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। इस कामयाबी के लिए बड़े भाई एडवोकेट केशव चौरसिया ने बधाइयां देते हुए शुभकामनाएं दी है।

# सीएम हेल्पलाइन को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष का तीखा हमला

**मैहर (ब्यूरो)।** प्रदेश सरकार द्वारा आम जनता की शिकायतों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से शुरू की गई सीएम हेल्पलाइन योजना आज गंभीर सवालों के घेरे में है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी ने इस योजना की कार्यप्रणाली पर तीखा प्रहार करते हुए इसे जनता के विश्वास के साथ विश्वासघात बताया है। उन्होंने कहा कि वर्षों से संचालित इस योजना का वास्तविक मूल्यांकन सरकार ने कभी ईमानदारी से नहीं किया। कागजों में भले ही लाखों शिकायतों के निराकरण के दावे किए जा रहे हों लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। श्री द्विवेदी ने आरोप



लगाया कि आज की स्थिति यह है कि जैसे ही कोई आम नागरिक शिकायत दर्ज करता है संबंधित विभाग के अधिकारी एकजुट होकर शिकायतकर्ता पर दबाव बनाते हैं। उन्होंने कहा कि कई मामलों में शिकायतकर्ता को फोन कर या व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया जाता है या फिर बिना वास्तविक समाधान के ही शिकायत को फोर्स क्लोज कर दिया जाता है। फोर्स क्लोज प्रक्रिया को उन्होंने शिकायत की मूल आत्मा पर प्रहार करार दिया है। उन्होंने कहा कि शुरुआत में यह योजना आम जनता के लिए आशा की किरण थी लेकिन अब यह भरोसे के संकट में बदलती जा रही है जब शिकायत करने वाला ही डर जाए तो लोकतंत्र का क्या अर्थ रह जाता है उन्होंने सरकार से मांग की कि फोर्स क्लोज प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगे और शिकायतकर्ता की सहमति के बिना कोई शिकायत बंद न की जाए।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर 120 विद्यार्थी सम्मानित हुए

### गायत्री शक्ति पीठ ने आयोजित किया जिलास्तरीय पुरस्कार वितरण कार्यक्रम

**हरदा ( ब्यूरो )।** पिछले साल नवंबर में गायत्री शक्तिपीठ द्वारा सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2025-26 का आयोजन कराया गया था। रविवार को गायत्री शक्ति पीठ में जिलास्तरीय पुरस्कार वितरण एवं शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। गायत्री शक्तिपीठ में मुख्य ट्रस्टी ऋषि पारे एवं प्रबंधक सियाराम गौर ने बताया कि जिले में गत वर्ष नवंबर माह में हुई भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा शासकीय, अशासकीय स्कूलों के 10 हजार बच्चों ने भाग लिया था। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में हरदा, खिरकिया, टिमरनी, सिराली, रहटगांव, हंडिया, सिराली तहसील से कक्षा 5 वीं से 12 वीं तक के 120 विद्यार्थी



शामिल हुए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर मैडल, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं परीक्षा की हरदा तहसील स्तरीय प्रावीण्य सूची में शहर के सनफ्लॉवर स्कूल के कक्षा 8 वीं के छात्र सार्थक पिता संतोष तिवारी द्वारा स्थान बनाने पर उन्हें एवं स्कूल कीं शिक्षिका मनीषा जैन को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सनफ्लॉवर स्कूल कीं प्राचार्य चंद्रलेखा रेड्डी, शिक्षिका मृदुला पटेल उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीसी काशिव सेवानिवृत्ति प्राचार्य ने की। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा केंद्र के डीपीसी बलवंत पटेल, विशेष अतिथि रमेश पटेल, रामवीरसिंह चौधरी, सीमा ओनकर एवं भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला समन्वयक प्रेमनारायण गौर, शिवनारायण निकुम, जीआर गौर जिला सहायक समन्वयक सहित अन्य उपस्थित रहे।

# पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन श्रीमती हिमानी खन्ना को भावभीनी विदाई- सेवाकाल की यादों से भावुक हुआ पुलिस परिवार

**सागर ( ब्यूरो )।** पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन श्रीमती हिमानी खन्ना के सेवानिवृत्ति (दिनांक 31 मार्च) के उपलक्ष्य में दिनांक 29 मार्च को सागर में एक गरिमामय, भावनात्मक एवं यादगार विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पूर्व में इसलिए आयोजित किया गया, ताकि वे अन्य स्थानों पर आयोजित विदाई समारोहों में भी सहभागिता कर सकें।

कार्यक्रम में सागर जोन एवं जिले के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर श्रीमती हिमानी खन्ना के गौरवपूर्ण सेवाकाल को स्मरण किया। इस दौरान उनके सागर जोन में महानिरीक्षक/नेतृत्व कार्यकाल के दौरान किए गए उत्कृष्ट कार्यों, नवाचारों एवं उल्लेखनीय उपलब्धियों को दर्शाती




फोटो एवं वीडियो के माध्यम से तैयार की गई एक विशेष लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई।

लघु फिल्म में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने, अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा, सामुदायिक पुलिसिंग तथा टीम नेतृत्व में उनके योगदान को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। फिल्म के प्रदर्शन के दौरान उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारी भावुक हो उठे और पूरे सभागार में सम्मान एवं गर्व का वातावरण दिखाई दिया।

इस अवसर पर सीसीएफ सागर एवं सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक श्री विनीत खन्ना, पुलिस अधीक्षक सागर श्री विकाश कुमार शाहवाल, पुलिस अधीक्षक विशेष शाखा सागर श्री दिनेश कुमार कौशल ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संजीव उइके एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री लोकेश कुमार सिन्हा , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दमोह श्री सुजीत भदोरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ श्री विक्रम सिंह कुशवाहा सहित सागर जिले एवं सागर जोन के विभिन्न जिलों से आए अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संगठनात्मक कौशल और वैचारिक ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ नरयावली भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग

**सागर ( ब्यूरो )।** भारतीय जनता पार्टी की कार्यपद्धति में प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं को गढ़ने की एक निरंतर प्रक्रिया है। इसी श्रृंखला में नरयावली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मकरोनिया ग्रामीण, मकरोनिया नगर एवं सदर मंडलों का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग सोमवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। अनुशासन और वैचारिक अधिष्ठान के साथ आयोजित इस वर्ग के दूसरे दिन कार्यकर्ताओं ने संगठन विस्तार और कार्यपद्धति के गुर सीखे।

मकरोनिया ग्रामीण मंडल का प्रशिक्षण वर्ग %श्री गणेश एंजोरा मैरिज गार्डन% में आयोजित किया गया। द्वितीय दिवस का शुभारंभ सामूहिक योग, व्यायाम और प्रार्थना के साथ हुआ, जिसने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार किया।

सप्तम एवं समापन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में इंजीनियर श्री प्रदीप लारिया ने %कार्य पद्धति% विषय पर अपना मार्गदर्शन दिया।* उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता केवल राजनीति के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्र पुनर्निर्माण के ध्येय के साथ कार्य करता है। सत्र के पश्चात सामूहिक भोज के साथ वर्ग का विधिवत समापन हुआ।

वहीं, कुबेर वाटिका (पटकुई) में मकरोनिया नगर मंडल एवं सदर मंडल का संयुक्त प्रशिक्षण वर्ग आयोजित हुआ। यहाँ भी सुबह की शुरुआत योग और प्रार्थना से हुई।

# अंतराज्यीय चोर गिरोह गिरफ्तार, चोरी की कई वारदातों का हुआ खुलासा

### आरोपियों से चोरी का माल भी बरामद

**कटनी ( ब्यूरो )।** रंगनाथ नगर पुलिस ने चोरी की 5 वारदातों का खुलासा किया है और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चोर गिरोह द्वारा जिले के 5 स्थानों में सूने घरो एंव दुकानों को निशाना बनाकर लाखों रूपए के सोने-चांदी के जेवरात, घरों तथा दुकानो में रखी नगदी, मोटर सायकल चोरी की घटना को अंजाम दिया था। नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया ने पत्रकारवार्ता में बताया कि दीपेन्द्र भाई पटेल निवासी झांसी उत्तरप्रदेश हाल कटनी साउथ स्टेशन एवं संजय कुमार यादव निवासी विवेकानंद नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अपने घर में ताला लगाकर बाहर गये थे। वापस आने पर घर का ताला और अलमारी का सामान बिखरा हुआ



था, जिसमें से जेवरात और एक मोटर सायकल नहीं है। जिस पर पुलिस ने मामला कायम कर पड़ताल शुरू की। माधवनगर में भी चोर गिरोह द्वारा समदड़िया कालोनी में घर के अंदर चोरी करने का प्रयास किया गया था। जिस पर माधवनगर थाने में अपराध पंजीबद्ध किया गया है। थाना प्रभारी अरूण पाल सिंह द्वारा अलग-अलग स्थानो में टीम गठित कर आरोपियों की पतासाजी की गई। इस मामले में चोर गिरोह को अलग-अलग राज्यों से पकड़ा गया। आरोपियो ने पूछताछ पर चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने इस मामले में लकी उर्फ सोनू शर्मा पिता स्व बाल कृष्ण शर्मा निवासी ग्राम चैनपुर हाल मनेन्द्रगढ स्टेशन के पास थाना मनेन्द्रगढ़ छग, शिवम उर्फ शिवा मानिकपुरी पिता स्व शंकर मानिकपुरी निवासी ग्राम केल्हारी थाना केल्हारी छग हाल ग्राम बिजुरी थाना बिजुरी जिला अनुपपुर, सोनू साहू पिता भोले साहू निवासी ग्राम गढ़ी थाना कोतमा जिला अनुपपुर को गिरफ्तार किया है। मामले में थाना प्रभारी रंगनाथनगर अरूणपाल सिंह, थाना प्रभारी एनकेजे रूपेन्द्र राजपूत, एएसआई बहादुर सिंह, एएसआई अनिल तिवारी, एएसआई सतीश जाटव, प्रधान आरक्षक लालजी यादव, प्रधान आरक्षक उमारमन बागरी, प्रधान आरक्षक असंत सिंह, आरक्षक वीरेन्द्र, सायबर सेल आरक्षक अमित, आरक्षक सतेन्द्र, रमजान की सराहनीय भूमिका रही।

### भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक पर निकली भव्य शोभायात्रा

**सागर।** भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर सोमवार को सागर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे शहर में उत्सव का माहौल देखने को मिला।

**आम सूचना**

मैं नं.15619444H रैंक HAV वेद प्रकाश गौतम आठवीं बटालियन बिग्रेड ऑफ द गार्डस में सर्विस करता हूं। मैं अपनी मांता जी का नाम KUSUM BAI GAUTAM से बदलकर KUSHUM GAUTAM और जन्मतिथि 09 सितंबर 1953 से 10 सितंबर 1948 करवाना चाहता हूं। शपथ पत्र मैहर कोर्ट।

» न्यूज कैप्सूल »

## महावीर जयंती धूमधाम से मनाई गई



**पिपरिया ( ब्यूरो )।** नगर में महावीर जयंती बडे ही धूमधाम से मनाई गई। सकल जैन समाज द्वारा प्रात: 8 बजे सुपर नाथ दिगम्बर जैन मन्दिर इतवारा बाजार में पूजन अर्चन आरती प्रसाद हुआ । सकल जैन समाज द्वारा स्वलपहार उपरांत भगवान महावीर स्वामी का विमान शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से निकली। मंगलवारा से तारण समाज द्वारा जिनवाणी पालकी शामिल हुई। जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुरुष और बच्चे शामिल हुए। जगह जगह लोगो ने विमान और पालकी जी की आरती की गई। मंगलवारा जैन मन्दिर में मन्दिर विधि प्रसाद उपरांत समापन हुआ। पालकी शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। शोभायात्रा में सकल जैन समाज के डॉ विजय जैन,प्रदीप जैन अधिवक्ता,मौसम समैया,विवेक जैन,पवन जैन,रिंकू नाकोड़ा,मनीष जैन सहित कई महिला पुरुष वर्ग शामिल हुए।

## भाजपा के द्वारा मनोनीत पार्षदो की सूची पर कांग्रेस ने लगाए आरोप

**पिपरिया ( ब्यूरो )।** नगर पालिका में भारतीय जनता पार्टी द्वारा हाल ही में 6 मनोनीत पार्षदों की नियुक्ति की गई है। जिसको लेकर ब्लांक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष उदय सिंह राजपूत ने आरोप लगाते हुए कहा कि जिसमें अनुसूचित जाति वर्ग के किसी भी प्रतिनिधि को स्थान न देना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं चिंताजनक है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पिपरिया इस निर्णय की कड़ी निंदा करती है। यह कदम सामाजिक समरसता एवं समान प्रतिनिधित्व की भावना के विपरीत है। अनुसूचित जाति वर्ग को नजरअंदाज करना न केवल उनके अधिकारों का हनन है। बल्कि यह दर्शाता है कि वर्तमान सत्ता वर्ग सामाजिक न्याय के प्रति कितनी असंवेदनशील है। कांग्रेस पार्टी हमेशा से सभी वर्गों को समान अवसर देने और समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों की आवाज को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध रही है। पिपरिया नगर पालिका में इस प्रकार का एकतरफा निर्णय लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है।

## अज्ञात वाहन ने वाईक सवार को मारी टक्कर एक की मौत,एक घायल



**पिपरिया ( ब्यूरो )।** नगर के नजदीकी ग्राम रामपुर के पास एक अज्ञात वाहन ने वाईक सवार को टक्कर मार दी। जिससे बाईक सवार एक की मौत व एक घायल हो गया। मंगलवारा थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी ने बताया कि रामपुर के पास अज्ञात वाहन ने बाईक सवार को टक्कर मार दी जिससे बाईक सवार महेन्द्र ठाकुर निवासी बनखेडी की मौत हो गई वही संजय पिता कल्लू ठाकुर 18 वर्ष घायल हो गया। जिसका प्राथमिक उपचार सिविल अस्पताल में जारी है। वही मामले में मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन व चालक की तलास की जा रही है।

## महावीर जयंती पर शोभा यात्रा का कांग्रेस ने किया स्वागत

**सागर ( ब्यूरो )।** महावीर जयंती पर शहर में शोभा यात्रा का आयोजन किया गया जिसका कांग्रेस परिवार ने राजीव गांधी भवन,जिला शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय के सामने भव्य स्वागत किया गया। कांग्रेस जनो ने शोभा यात्रा में शामिल जैन समाज के अनुयायियों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया ओर विमान में विराजित भगवान महावीर की पूजा अर्चना की गई।

स्वागतकर्ताओं में पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी, पूर्व विधायक सुनील जैन, ग्रामीण अध्यक्ष भूपेन्द्र मोहसा,सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, प्रदेश महासचिव विजय साहू, आशीष ज्योतिषी, पंकज सिंघई, राकेश जैन, अभिषेक शाह, प्रवीण यादव, रवि जैन आदि उपस्थित रहे।

# सतना में दो दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का शानदार समापन, नयागांव बना चैंपियन

### पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के आयोजन में 24 टीमों की भागीदारी, खिलाड़ियों को मिला बड़ा मंच

**सतना ( ब्यूरो )।** पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास एवं श्री व्यंकटेश क्लब सतना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का उत्साहपूर्ण माहौल में सफल समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में सतना और मैहर जिले की कुल 24 टीमों ने हिस्सा लिया, जिससे क्षेत्रीय खेल प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने का सुनहरा अवसर मिला।

टूर्नामेंट का शुभारंभ दूसरे दिन प्रात: न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पिछले नौ वर्षों से इस प्रकार के खेल आयोजनों का निरंतर आयोजन किया जा रहा है और आगे भी यह परंपरा जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि न्यास द्वारा खेल एवं युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे जिले में खेल संस्कृति को मजबूती मिल रही है।

प्रतियोगिता को चार अलग-अलग पूलों में विभाजित किया गया था, जिसमें विभिन्न गांवों और संस्थानों की टीमों ने भाग लिया। पूल ए, बी, सी और डी में विभाजित टीमों के बीच कड़े मुकाबले देखने को मिले। हर मैच में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का




प्रदर्शन किया, जिससे दर्शकों का उत्साह चरम पर रहा।

फाइनल मुकाबला सतना की मेहुती और नयागांव टीम के बीच खेला गया, जो बेहद रोमांचक रहा। शानदार प्रदर्शन करते हुए नयागांव की टीम ने जीत दर्ज कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की, जबकि मेहुती टीम उपविजेता रही। विजेता टीम को छह हजार रुपये तथा उपविजेता को चार हजार रुपये की नगद राशि प्रदान की गई। इसके साथ ही सभी खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह, कंबल, दीवार घड़ी और अन्य उपहार प्रदान किए गए।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि उत्तम बनर्जी ने अपने संबोधन में आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन जिले की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विशेष रूप से महिला टीमों की भागीदारी को सराहा और कहा कि अब बेटियां भी खेलों में आगे आकर अपनी पहचान बना रही हैं।

कार्यक्रम में कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही, जिनमें डॉ. संजय माहेश्वरी, ममता पांडे, अनंत कुमार सोनी सहित अन्य प्रमुख लोग शामिल रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन विष्णु पांडे द्वारा किया गया, जबकि आभार प्रदर्शन रवि शंकर द्विवेदी ने किया।

पूरे आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में दर्शकों की उपस्थिति रही और प्रतियोगिता शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। यह टूर्नामेंट न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने में सफल रहा, बल्कि जिले में खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण साबित हुआ।

### डॉ. राकेश मिश्र का सराहनीय योगदान

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व में पिछले नौ वर्षों से लगातार खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने जिले की युवा प्रतिभाओं को मंच देने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। उनके मार्गदर्शन में सतना में खेलों का स्तर लगातार ऊंचा हो रहा है। आने वाले समय में भी वे ऐसे आयोजनों के माध्यम से खिलाड़ियों को नई पहचान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# दमोह में अभूतपूर्व भक्ति, श्रद्धा और उल्लास के साथ मना भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव

**दमोह ( ब्यूरो )।** भगवान महावीर स्वामी के पावन जन्मकल्याणक महोत्सव पर दमोह नगर पूर्णत: धर्ममय वातावरण में सराबोर हो उठा। श्री दिगम्बर जैन पंचायत दमोह के नेतृत्व में एवं जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा दमोह के संयोजन में यह भव्य आयोजन पूज्य मुनि श्री पद्म सागर जी महाराज ससंघ, गणनी आर्यिका सौम्यनंदनी माता जी ससंघ एवं आर्यिका श्री साधू मति माता जी ससंघ के सानिध्य में अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। प्रात:काल सिटी नल से भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई नसिया जी मंदिर पहुंची, जहां 32 इंद्रों के माध्यम से भगवान श्री जी का भव्य मस्तकाभिषेक संपन्न हुआ। अभिषेक उपरांत शोभायात्रा पुन: पलंदी मंदिर होते हुए सिटी नल पहुंचकर संपन्न हुई। इसके पश्चात सिंघई मंदिर में भगवान का पुन:



अभिषेक संपन्न किया गया। शोभायात्रा में विभिन्न मंदिरों की पाठशालाओं, महिला मंडलों एवं बालिका मंडलों द्वारा अनुशासित एवं आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। दिव्य घोष, भक्ति गीत एवं एकरूप वेशभूषा में किए गए प्रदर्शन ने सभी का मन मोह लिया। सुंदर एवं जीवंत झांकियों में भगवान महावीर के जीवन प्रसंगों का मनोहारी चित्रण किया गया। सुधा सागर व्यायामशाला द्वारा शस्त्र प्रदर्शन एवं गौशाला की झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों ने आयोजन को और भी भव्य बना दिया। इस अवसर पर क्षुल्लक श्री तात्पर्य सागर जी महाराज ने अपने ओजस्वी प्रवचन में कहा कि तीर्थंकर भगवान का जन्म समस्त जीवों के कल्याण हेतु होता है और यह उनका अंतिम जन्म होता है। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर का जियो और जीने दो का सिद्धांत आज भी मानवता के लिए मार्गदर्शक है। यदि हम उनके जीवन आदर्शों को अपनाएं, तो समाज में शांति, अहिंसा और सद्भाव स्थापित हो सकता है।

आर्यिका श्री साधू मति माता जी ने अपने प्रेरणादायी प्रवचन में कहा कि गुरु आज्ञा का पालन ही सच्ची साधना है। समय के साथ चलते हुए धर्म के मार्ग पर दृढ़ रहना ही आत्मकल्याण का पथ है। उन्होंने भगवान महावीर के पंच नामों का आध्यात्मिक महत्व समझाते हुए उन्हें जीवन में उतारने का संदेश दिया।

# एक कथित जाति सूचक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल,थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा

**पिपरिया/पचमढी( ब्यूरो )** । पचमढ़ी से एक विवादास्पद मामला सामने आया है। जहां सोशल मीडिया पर एक ऑडियो वायरल होने से राजनीति गरमा गई है। पचमढ़ी के रूपेंद्र साहू उर्फ मन्नू जो की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य हैं का एक कथित जाति.सूचक ऑडियो सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रहा है। इस ऑडियो में मन्नू अपने राजनीतिक रसूख की बात करते हुए निचली जातियों के लिए अपमानजनक शब्दों जैसे श्भंगीश् का इस्तेमाल करते सुनाई दे रहे हैं। इसकी जानकारी देते हुए कांग्रेस के पूर्व पार्षद प्रशांत सिहोते ने राज्य अनुसूचित जाति आयोग को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने



संवैधानिक मर्यादा का हनन,जातिगत अपमान और प्रशासनिक तंत्र की अवमानना का हवाला देते हुए इसकी जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की है। सिहोते ने कहा कि ऐसे बयान समाज को बांटते हैं और भाजपा की छवि खराब करते हैं। इस मामले में डुमार समाज ने पचमढ़ी थाने पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें कार्यवाही की मांग की गई। इसमें डुमार समाज के अध्यक्ष समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। समाजबंदी ने चेतावनी दी कि अगर मन्नू पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन तेज होगा। लेकिन स्थानीय भाजपा नेता इसे एडिटेड ऑडियो बता रहे हैं। साथ ही कहना ये भी है के वो न तो युवा मोर्चा कार्यकर्ता है। ये दो पक्षो की व्यक्तिगत लड़ाई है जिसे भाजपा से जोड़ा जा रहा है। यह मामला पचमढ़ी की राजनीति को और गर्माने वाला है खासकर युवा मोर्चा चुनाव से ठीक पहले।

# शार्ट सर्किट से गेंहू के खेत में लगी आग, किसानो ने किया रोड जाम

**पिपरिया ( ब्यूरो )।** नगर के समीपस्थ ग्राम कल्लूखापा कगे किसान के गेंहू में बिजली के शर्ट सर्किट से आग लग गई। जिसके चलते किसानो ने पिपरिया पचमढी रोड को जाम कर दिया। जाम की जानकारी लगते ही तहसीलदार वैभव बैरागी व स्टेशन रोड थाना प्रभारी आदित्य सेन ने मौके पर पहुंचकर किसानो को समझाईस देकर जाम को खुलवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कल्लूखापा के किसान जीवनलाल के खेत में शॉर्ट सर्किट से गेहूं की करीब आधा एकड़ में खड़ी फसल में आग लग गई। जिससे किसान की फसल जलकर खाक हो गई। किसानो ने अपने ट्रेक्टरो व आमजन की मदद से आग पर काबू पा लिया। कल्लूखापा के किसानों ने राइस फैक्ट्री पर चालू लाइट पर सवाल उठाते हुए पचमढी रोड को जाम कर दिया जिससे करीब आधा



घंटा जाम लगा रहा। प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर किसानों से बात की और जाम को हटवाया। किसानो की मांग थी कि राईस फैक्ट्री में विद्युत्त मंडल के अधिकारियो की मिलीभगत से लाईट चालू है और हमारी फसले खडी है जिसके शार्ट सर्किट से आज हमारे किसान की फसल जलकर खाक हो गई है। वही उन्होने विद्युत्त विभाग के डीई पर आरोप लगाए। वही मौके पर तहसीलदार ने पहुंचकर किसानो को समझाईस देकर जाम खुलवाया।

# चोरी के आरोपियो से 23 हजार नगदी सहित सोने चांदी के जेवरात बरामद किये

**पिपरिया ( ब्यूरो )।** स्टेशन रोड पुलिस ने बीते दिनो हुई चोरी के मामले में प्रेस नोट जारी कर खुलासा किया है। स्टेशन रोड पुलिस ने बताया कि पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस थोटा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन के निर्देश पर एसडीओपी मोहित कुमार यादव द्वारा थाना प्रभारी स्टेशन रोड़ निरीक्षक आदित्य सेन के नेतृत्व में थाना स्टेशन रोड़ के द्वारा थानाक्षेत्र में हुई चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी का खुलासा किया गया। दिनांक 28.29मार्च 2026 की दरमियानी रात्रि गश्त के दौरान पुलिसकर्मियो को देखकर 3 व्यक्ति भागने लगे तो पुलिसकर्मियो द्वारा उनका पीछा कर उनको पकडा गया कडाई




से पूछताछ करने पर उन्होने बताया कि हम लोग चोरी करने के उदेश्य से घूम रहे थे। जिसमें उन्होने पूछताछ पर अपना नाम इब्राहिम उर्फ इल्लम पिता नफीस शाह निवासी टावर मोहल्ला पिपरिया, नेतराज पिता देवेन्द्र कौरव निवासी लिलवानी गाडरवाडा,अशरफ खान निवासी पिपरिया,भरतू उर्फ भरत पिता श्रीराम कहार निवासी सिंधी कालोनी गाडरवाडा का होना बताया। थाने क्षेत्र के अर्न्तगत हुई चोरी के बारे में पूछताछ कि गई तो उन्होने पहले भी चोरी करना स्वीकार किया । थाना स्टेशन रोड पिपरिया के अपराध क्रमांक 393/25 धारा 331 (4)305 बीएनएस अपराध क्रमांक 05/26 धारा 331 (4) 305 ,बीएनएस अपराध क्रमांक 47/26 धारा 331(4) 305,ए बीएनएस, अपराध क्रमांक 82/26 धारा 331 (4)ए 305 (ए) बीएनएसए का अपराध पंजीबद्ध होकर विवेचना में है आरोपियो से उक्त अपराधो मे चोरी गया मशरूका नगदी व जेवर के सबंध मे पूछताछ कर मशरूका बरामद किया गया। आरोपियो से 23हजार रूपये नगदी ओर सोने चांदी के जेवरात बरामद किये गये। आरोपियो को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

## कुण्डलपुर में भगवान श्री महावीर स्वामी जी का जन्म कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया



**दमोह (ब्यूरो)।** सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में युगश्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज एवं विद्या शिरोमणि आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के आशीर्वाद से जैनधर्म के चौबीसवे तीर्थंकर, वर्तमान शासन नायक, अहिंसा के अवतार, विश्ववंदनीय भगवान श्री महावीर स्वामी जी का जन्म कल्याणक महोत्सव 30मार्च 2026 चैत शुक्ल तेरस सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रात: प्रभात फेरी, भक्तामर महामंडल विधान ,पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांतिधारा, ऋद्धि कलश, आरती,महावीर पूजन, विधान हुआ। श्रीजी का पालना झुलाया गया। प्रचार मंत्री जयकुमार जैन जलज ने बताया कि इस अवसर पर प्रथम अभिषेक ,शांतिधारा, रिद्धिकलश आदि करने का सौभाग्य शक्ति सुरभि दीपांश सुशीला जैन परिवार छिंदवाड़ा, अनिल शांतिलाल निखिल हिमांश जैन बांसवाड़ा, अनिकेत अवधेश जैन टीकमगढ़, नितिन अक्षत जैन फिरोजाबाद, कमला अशोक भानु नेहा हर्ष जैन परिवार बेगमगंज, शांतिलाल सुशील कुमार जैन जयपुर, शिखरचंद्र रविकांत सचिन लक्ष्य जैन शिवपुरी, राजकुमार राहुल सर्वज्ञ राजीव जैन सागर ,आकांक्षा शिल्पी कुसुम देवी जैन परिवार सागर, अंकित अनंत श्रेयांश जैन गाजियाबाद सचिन मोहिनी अपेक्षा आदिति जैन परिवार इंदौर, शैंकी राजकुमार पाटनी मंदसौर आदि के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने अभिषेक का सौभाग्य प्राप्त किया।

# कोई भी गर्भवती महिला पंजीयन से न छूटे तथा सभी बच्चों का टीकाकरण सुनिश्चित हो: संयुक्त सचिव श्री कुमार

### केंद्रीय प्रभारी अधिकारी श्री कुमार ने आकांक्षी जिला अंतर्गत स्वास्थ्य, शिक्षा सहित निर्धारित इंडीकेटर्स की समीक्षा दिए गए अहम दिशा-निर्देश

**दमोह ( ब्यूरो )।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव और केंद्रीय प्रभारी अधिकारी (ब्च्व्), श्री अजीत कुमार ने आज जिला कार्यालय सभाकक्ष में आकांक्षी जिला कार्यक्रम (ेचपतंजपवदंस क्पेजतपबज च्तवहतंउउम) के अंतर्गत स्वास्थ्य, शिक्षा सहित निर्धारित इंडीकेटर्स की समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कोई भी गर्भवती महिला पंजीयन से न छूटे, सुनिश्चित किया जायें। उन्होंने संस्थागत प्रसव, एनीमिया और टीकाकरण पर समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा टीकाकरण से कोई भी बच्चा न छूटे, बच्चे देश के भविष्य हैं। बैठक में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर खास तौर पर मौजूद रहे। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव और केंद्रीय प्रभारी अधिकारी (ब्च्व्) श्री कुमार ने जिले में टी.बी. रोग उन्मूलन के सबंध में चल रही गतिविधियों की जानकारी लेते हुए कहा टी.बी. के इलाज में दवा के साथ अच्छा डाइट भी आवश्यक हैं। इस दिशा में जिले में फुड बॉस्केट दी जा रही हैं, के सबंध मं बताया गया। सीएमएचओ डाँ अठ्या ने बताया जनप्रतिनिधियों-गणमान्य नागरिकों और अधिकारियों-कर्मचारियों तथा समाज के लोगों द्वारा लगातार सहयोग दिया जा रहा हैं। इस दौरान शिक्षा विभाग की समीक्षा में जिले में शिक्षा के गुणात्मक सुधार के लिए किए जा रहे प्रयासों तथा स्कूल भवनों की मरम्मत गौण खनिज मद से कराये जाने की जानकारी दी गई। बताया गया प्रथम चरण में 187 स्कूल भवन, द्वितीय चरण में 102 और अब 135 स्कूल भवनों की मरम्मत के काम लिए जा रहे हैं। स्कूलों में पुस्तक वितरण के सबंध में डीपीसी श्री द्विवेदी ने बताया 01 अप्रैल से छात्रों को पुस्तक वितरण किया जायेगा, अभी 40 प्रतिशत पुस्तकें आ चुकी हैं, सत्र प्रारंभ होते ही वितरण प्रारंभ किया जायेगा। इसी क्रम में कृषि विभाग द्वारा विस्तार से की जा रही गतिविधियों की जानकारी दी गई। इस दौरान महिला बाल विकास, पशु चिकित्सा सहित अन्य विभागो के इंडिकेटर्स पर समीक्षा कर आवश्यक



दिशा-निर्देश देते हुए तदानुसार कार्रवाई के लिए कहा गया। इस आयोजित बैठक में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा संयुक्त सचिव श्री अजीत कुमार सर का मार्गदर्शन मिला और लगातार मार्गदर्शन में जिला सभी इंडिकेटर्स में और बेहतर करेगा। उन्होंने कहा जिले को 03 करोड़ रूपये का पुरस्कार मिला हैं, का प्रोजेक्ट समय सीमा में बनाकर भेज दिया जायेगा, ओर आगे बेहतर कार्य करने की बात कही। जिले में नरवाई प्रबंधन और जैविक हाट, नेचुरल फार्मिंग, विलेज टूरिज्जम की दिशा में किए जा रहे प्रयासो की जानकारी दी गई। बैठक में सहायक कलेक्टर ऋषिकेश विजय ठाकरे, एडीएम मीना मसराम, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे सहित जिला अधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस की आमजन को सीपीआर ट्रेनिंग देकर जान बचाने की पहल

**पिपरिया ( ब्यूरो )।** सजग प्रहरी अभियान के अंर्तगत पुलिस आमजन सहित 112 चालको को सीपीआर की ट्रेनिंग दे रही है। पुलिस की आमजन को सीपीआर ट्रेनिंग देकर जान बचाने की पहल की है। मंगलवारा पुलिस थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी ने बताया कि जिला मुख्यालय के आदेशानुसार सजग प्रहरी अभियान के अंर्तगत पुलिस आमजन को सीपीआर की ट्रेनिंग दे रही है। जिससे कि आमजन आपातकालीन स्थिती में सीपीआर देकर जान बचा सके। सोमबार को नगर के न्यू बस स्टैंड,प्रट्रोल पंप,न्यू गल्ला मंडी,मंगलवारा चौक सहित भीडभाड वाले क्षेत्रो में विशेष सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम



आयोजित कर ट्रेनिंग दी गई। जहां पुलिस ने नागरिकों को आपातकालीन स्थिति में दिल का दौरा पड़ने पर प्राथमिक उपचार की तकनीक समझाई गई। जिसकर मुख्य उद्देश्य अचानक कार्डियक अरेस्ट के मामलों में गोल्डन ऑवर में व्यक्ति की जान बचाना। वही पुलिस ने प्रशिक्षण के दौरान आमजन को बताया कि यदि किसी की सांस रुक जाए तो तुरंत सीपीआर देकर उसे अस्पताल पहुंचने तक बचाया जा सकता है। यह प्रशिक्षण सामुदायिक सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### ट्रेक्टर ट्रालियो पर लगाए रेडियम-

वही पुलिस ने ट्रेक्टर ट्रालियो पर रेडियम लगाए। पुलिस ने कृषि उपज मंडी,प्रट्रोल पंप व सिलारी चौक पर सुरक्षा की दृष्टि से ट्रेक्टर ट्रालियों की जांच कर चालको व मालिको को समझाईस दी कि ट्रालियो में क्षमता से अधिक माल न भरे जिससे वह ओवरलोड हो। पुलिस ने समझाईस के साथ ट्रालियों पर रेडियम लगाए।

## ब्रीफ न्यूज

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वतंत्रता सेनानी श्री श्यामजी वर्मा की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. श्री श्यामजी कृष्ण वर्मा की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्व. श्री वर्मा ने लंदन में इंडियन होमरूल सोसाइटी, इंडिया हाऊस संगठनों की स्थापना की और पत्रिका द इंडियन सोशियोलॉजिस्ट के माध्यम से वैश्विक पटल पर भारत की स्वतंत्रता का पक्ष पूरी मजबूती से रखा।

### उज्जैन में 3 से 5 अप्रैल को होगा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन महाकाल-द मास्टर ऑफ टाइम

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आगामी 3 अप्रैल को उज्जैन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन महाकाल-द मास्टर ऑफ टाइम के उद्घाटन सत्र में शामिल होंगे। यह सम्मेलन 3 से 5 अप्रैल तक उज्जैन के समीप डोंगला में होगा। सम्मेलन का उद्घाटन उज्जैन स्थित तारामंडल परिसर में होगा। कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

बाबा महाकाल की पावन नगरी उज्जैन, जो प्राचीन काल से समय गणना और खगोल विज्ञान की वैश्विक धुरी रही है, एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिक और बौद्धिक संगम का केंद्र बनेगी। भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक अंतरिक्ष विज्ञान के समन्वय पर केंद्रित यह सम्मेलन देश-विदेश के वैज्ञानिकों, खगोलविदों, शिक्षाविदों, शोधार्थियों तथा अंतरिक्ष क्षेत्र के विशेषज्ञों को एक साझा मंच प्रदान करेगा। कार्यक्रम में साइंस सेंटर का उद्घाटन भी किया जाएगा। साथ ही यूएवी (अनमैन्ड एरियल व्हीकल) एवं आरसी (रिमोट कंट्रोल) और सैटेलाइट मेकिंग (उपग्रह निर्माण) विषयों पर विशेष कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी, जो युवाओं में तकनीकी कौशल, नवाचार क्षमता तथा अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति रुचि को प्रोत्साहित करेंगी।

### मुख्यमंत्री डॉ.यादव वाराणसी में 31 मार्च को एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन में होंगे शामिल

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वाराणसी में आयोजित एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन 2026 में मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश की औद्योगिक क्षमताओं, पारंपरिक शिल्प, ओडीओपी और जीआई टैग उत्पादों, कृषि एवं खाद्य उत्पादों, निवेश अवसरों और पर्यटन संभावनाओं को एक साझा मंच पर प्रस्तुत करेंगे। इस सम्मेलन में दोनों राज्यों की प्रमुख ताकतें एक साथ सामने आएंगी और उत्पादन, बाजार तथा पहचान से जुड़े विभिन्न आयामों पर केंद्रित संवाद स्थापित होगा। सम्मेलन में उद्योग, शिल्प, निवेश और पर्यटन से जुड़े हितधारक एकत्रित होंगे, जहां व्यावहारिक सहयोग, बाजार विस्तार और साझा पहल पर चर्चा का स्पष्ट स्वरूप दिखाई देगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की वाराणसी यात्रा काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के अध्ययन भ्रमण से होगी, जहां तीर्थ क्षेत्र में विकसित क्राउड फ्लो मैनेजमेंट, अधोसंरचना लेआउट और तीर्थयात्री प्रबंधन की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया जाएगा। यह अनुभव धार्मिक पर्यटन स्थलों के सुव्यवस्थित विकास और आधुनिक प्रबंधन प्रणाली को समझने का आधार बनेगा।

### समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन 10 और 15 अप्रैल से

**भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार ने रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूं की खरीदी को लेकर व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस संबंध में सोमवार को कैबिनेट समिति की एक उच्च स्तरीय बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से आयोजित की गई, जिसमें राज्य में गेहूँ उपार्जन व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि कैबिनेट समिति ने निर्णय लिया है कि इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम और भोपाल संभाग में गेहूँ की खरीदी का कार्य 10 अप्रैल 2026 से प्रारंभ किया जाएगा। प्रदेश के शेष संभागों में उपार्जन कार्य 15 अप्रैल 2026 से शुरू होगा। सरकार ने सभी संबंधित विभागों को आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसमें खरीदी केंद्रों की स्थापना, भंडारण क्षमता, परिवहन व्यवस्था और भुगतान प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाना शामिल है। खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि बैठक में वैश्विक परिदृश्य, विशेष रूप से मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष के कारण उत्पन्न परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए खाद्यान्न आपूर्ति एवं भंडारण व्यवस्था पर विशेष चर्चा की गई। समिति ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों से गेहूँ खरीदी की प्रक्रिया को सुचारु, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से संचालित किया जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# एमएसएमई इकाइयां औद्योगिक गतिविधियों का प्रभावी केन्द्र और लाखों परिवारों के स्वावलंबन का हैं आधार : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**राज्य सरकार प्रदेश के उद्यमियों को प्रोत्साहित करने उपलब्ध करा रही है सहयोग और मार्गदर्शन**

**देश-दुनिया के सभी निवेशकों के लिए खुले हैं प्रदेश के दरवाजे**

**देश के प्रमुख स्टार्टअप राज्य के रूप में स्थापित हो रहा है मध्यप्रदेश**

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की एमएसएमई इकाइयों को 169 करोड़ से अधिक की राशि अंतरित**




**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश, देश के सर्वाधिक सशक्त, आर्थिक रूप से सुदृढ़ और बेहतर वित्तीय प्रबंधन वाले प्रथम तीन राज्यों में से एक है। राज्य सरकार प्रदेश के उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए हरसंभव सहयोग और मार्गदर्शन उपलब्ध करा रही है। देश-दुनिया के सभी निवेशकों के लिए प्रदेश के दरवाजे खुले हैं। हम उद्योग मित्र नीतियों और सहयोग की भावना के साथ उनके स्वागत के लिए तत्पर हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश भारतीय अर्थव्यवस्था में उद्योग हो या कृषि हर क्षेत्र में योगदान के लिए निरंतर सक्रिय है। एमएसएमई इकाइयां औद्योगिक गतिविधियों का प्रभावी केन्द्र होने के साथ लाखों परिवारों के स्वावलंबन का आधार भी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को समर्थ एमएसएमई विकसित मध्यप्रदेश की थीम पर मुख्यमंत्री निवास में 257 से अधिक एमएसएमई इकाइयों को उनके खाते में 169.57 करोड़ से अधिक की प्रोत्साहन राशि सिंगल क्लिक से जारी कर संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्टार्टअप को लगभग 28 लाख से अधिक की अनुदान राशि की प्रथम किश्त भी जारी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को इस अवसर पर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री श्री चैतन्य कुमार काश्यप ने लघु उद्योग निगम की ओर से 8 करोड़ रूपए के अंतरिम लाभांश का चैक भेंट किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैतूल और आगर-मालवा के तीन उद्यमियों को औद्योगिक भूमि के लिए आवंटन-पत्र प्रदान किए और मुख्यमत्री उद्यम क्रांति योजना अंतर्गत हितलाभ वितरण भी किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज का आयोजन महावीर जयंती के शुभ अवसर पर हो रहा है। यह भगवान महावीर के जनकल्याण और शुचिता के सिद्धांतों को साकार करने का भी प्रतीक है। प्रदेश में उद्योग-व्यापार गतिविधि और उद्यमिता प्रोत्साहित करने के लिए व्यवस्थाओं में पारदर्शिता और गति सुनिश्चित करते हुए निरंतर नवाचार जारी हैं। राज्य सरकार उद्यमियों को लिए पूंजी, भूमि और व्यवस्थाओं में सरलता कर, उनकी प्रगति की राह को आसान बना रही है। विभाग द्वारा बड़ी राशि का सिंगल क्लिक से सीधे अंतरण व्यवस्था में सुगमता और स्पष्टता का परिचायक है। पूरे देश में मार्च क्लोजिंग का वातावरण है, ऐसे में राज्य सरकार द्वारा एमएसएमई इकाइयों और उद्यमियों को राशि और सुविधा उपलब्ध कराई जा रही हैं। यह प्रदेश में नए संकल्पों के साथ नया वित्तीय वर्ष आरंभ करने का भी प्रतीक है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में भी प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में ही भारत स्वयं को सुरक्षित महसूस करते हुए प्रगति पथ पर अग्रसर है। युद्ध के दोनों पक्ष भारत का सहयोग कर रहे हैं, यह प्रधानमंत्री श्री मोदी की कुशल नीतियों से ही संभव है। जहां एक ओर विश्व के कई देशों में पेट्रोल-डीजल, गैस की उपलब्धता प्रभावित हो रही है, वहीं हमारे देश में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इनके मूल्यों पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ने दिया। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत समर्थ भी है और सक्षम भी।

## प्रदेश में अधिक से अधिक हों जल संवर्धन और जल संरक्षण के कार्यः मंत्री सिलावट

**मंत्री सिलावट ने ली जल गंगा संवर्धन अभियान संबंधी बैठक**



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत प्रदेश के गांव-गांव, नगर-नगर में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन संबंधी कार्य कराए जा रहे हैं।

जल संसाधन मंत्री सिलावट ने सोमवार को भोपाल स्थित अपने निवास कार्यालय में जल गंगा संवर्धन अभियान संबंधी बैठक लेकर अभियान के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अपर मुख्य सचिव, जल संसाधन डॉ. राजेश राजौरा एवं जल संसाधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मंत्री सिलावट ने कहा कि विभागीय अधिकारी समाज के सभी वर्गों एवं आमजन के सहयोग से अपने-अपने क्षेत्र में वृहत रूप से जल संरक्षण और संवर्धन के कार्य कराएं और इस अभियान को पूरी तरह सफल बनाएं। प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान गत 19 मार्च से चलाया जा रहा है जो तीन माह तक चलेगा।

उन्होंने निर्देश दिए कि अभियान के अंतर्गत आगामी दिनों में कराए जाने वाले कार्यों की कछारवार विस्तृत रूप रेखा तैयार कर आगामी 3 दिवस में प्रस्तुत की जाए। अभियान के सम्बन्ध में समय-समय पर विभाग द्वारा जारी विस्तृत दिशा निर्देशों के अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

बैठक मैं बताया गया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संसाधन विभाग द्वारा मुख्य रूप से जल संग्रहण स्त्रोतों के रख-रखाव एवं मरम्मत के अनुरूप अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करना, निर्मित तालाब की पाल पर मिट्टी के कटाव अथवा अतिवर्षा से क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में पुनः निर्माण किये जाने, तालाबों की पिचिंग, बोल्डर टो तथा घाट आदि के मरम्मत का कार्य, जल संरचनाओं के किनारों पर अतिक्रमण को रोकना, संपूर्ण नहर प्रणाली में घास, झाडी, छोटे पेड पोधे आदि की सफाई का कार्य एवं वृक्षारोपण, शहरी आबादी क्षेत्रों में प्रमुख नहरों का चिन्हाकंन व सीमांकन का कार्य, स्टाप डेम बैराज-वीयर के गेट इत्यादि की मरम्मत, बांध के फ्लस बार स्लूज बेल की मरम्मत तथा सफाई का कार्य, केचमेंट एरिया में अवरोध का चिन्हांकन कर उसे हटाना तथा अन्य आवश्यक तकनीकी कार्य आदि कराए जा रहे हैं।

## एमपी ट्रांसको का नवाचार, सब-स्टेशन मेंटेनेंस के लिए तैयार किया 36 फीट ऊँचाई वाला 'मैन लिफ्टर'

**भोपाल।** मध्य प्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने पारेषण कार्यों में नवाचार और सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। एमपी ट्रांसको टीकमग? द्वारा सब स्टेशनों में मेंटेनेंस कार्यों के लिए 36 फीट तक ऊँचाई पर काम करने में सक्षम एक मैन लिफ्टर का सफलतापूर्वक डिज़ाइन एवं निर्माण इन-हाउस किया गया है।

जनसंपर्क अधिकारी राजेश पाण्डेय ने सोमवार को बताया कि यह अभिनव 卐मैन लिफ्टर卐 विशेष रूप से सब स्टेशनों में स्थापित ऊँचाई पर स्थित उपकरणों के सुरक्षित, कुशल और समयबद्ध रखरखाव को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। इस उपकरण की सहायता से मेंटेनेंस स्टॉफ अब ऊँचे स्ट्रक्चर, इंसुलेटर, बस बार तथा अन्य महत्वपूर्ण उपकरणों तक आसानी से पहुँच सकता है। इससे स्कैफोल्डिंग या लेडर के उपयोग की आवश्यकता काफी कम हो जाएगी, जिससे जोखिम और श्रम दोनों में उल्लेखनीय कमी आएगी।



### मात्र 39 हजार में तैयार

सब स्टेशन में ही उपलब्ध स्क्रैप मटेरियल और बाहर से न्यूनतम सामग्री खरीद कर इस लिफ्टर को तैयार किया गया है। बाजार में इस लिफ्टर की कीमत ढाई लाख रुपए से प्रारंभ होती है पर इसे सिर्फ 39000 रुपये में इन हाउस ही तैयार कर लिया गया। इन हाउस लिफ्टर तैयार करने में सागर के अधीक्षण अभियंता एम वाय मंसूरी, के मार्गदर्शन में टीकमगढ़ के कार्यपालन अभियंता आर. पी. कान्यकुब्ज, सहायक अभियंता जी. पी. राय का योगदान रहा।

### मेंटेनेंस की दक्षता में होगी बढ़ोतरी

यह नवाचार कार्यस्थल की सुरक्षा को बढाने के साथ , मेंटेनेंस कार्यों की दक्षता में सुधार करेगा तथा मरम्मत के दौरान होने वाले डाउनटाइम को भी कम करेगा। स्थानीय स्तर पर डिज़ाइन कर तैयार किया गया यह मैन लिफ्टर एमपी ट्रांसको की इन-हाउस नवाचार क्षमता का उदाहरण है।

## ट्रांसजेंडर के कल्याण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धः मंत्री कुशवाह



**मंत्री कुशवाह ने ली मध्य प्रदेश राज्य उभयलिंगी कल्याण बोर्ड की बैठक**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश राज्य उभयलिंगी कल्याण बोर्ड की बैठक में सोमवार को सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि उभयलिंगी समुदाय के अधिकारों की रक्षा एवं उनके समग्र विकास के लिए राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है और भविष्य में भी इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

बैठक में प्रदेश में उभयलिंगी (ट्रांसजेंडर) वर्ग के कल्याण के लिए किए जा रहे विभिन्न प्रयासों की समीक्षा की गई। बैठक में आगामी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजल कल्याण श्रीमति सोनाली वायंगणकर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मंत्री कुशवाह ने कहा कि राज्य सरकार उभयलिंगी व्यक्तियों के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस वर्ग के लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से प्रदान करना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को पहचान पत्र एवं परिचय पत्र जारी करने की जिला स्तर पर प्रगति की समीक्षा की गई और इस प्रक्रिया को और अधिक सरल एवं तेज बनाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं में उभयलिंगी व्यक्तियों की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया।

## भोपाल मेट्रो का अंडरग्राउंड काम शुरू, 24 मीटर नीचे बनेगी सुरंग

**टीबीएम से 3.39 किमी लंबी टनल की खुदाई; रेलवे स्टेशन और नादरा में बनेंगे भूमिगत स्टेशन, दो साल में पूरा करने का लक्ष्य**



**भोपाल।** राजधानी में मेट्रो परियोजना अब नए और अहम चरण में पहुंच गई है। सोमवार से ऑरेंज लाइन के अंडरग्राउंड रूट के लिए जमीन के भीतर करीब 24 मीटर गहराई में खुदाई शुरू कर दी गई। यह काम टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) के जरिए किया जा रहा है, जिससे 3.39 किलोमीटर लंबी सुरंग तैयार की जाएगी। इस अंडरग्राउंड कॉरिडोर में दो प्रमुख स्टेशन भी बनाए जाएंगे।

मेट्रो का यह हिस्सा सुभाषनगर से करोंद चौराहे के बीच विकसित किया जा रहा है। पहले चरण में सुभाषनगर से एम्स तक मेट्रो संचालन शुरू हो चुका है, जबकि दूसरे चरण में अब भूमिगत निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। अधिकारियों के अनुसार, टीबीएम को रेड सी प्लाजा के पास से लॉन्च किया गया है, जो आगे पुल पातरा की दिशा में बढ़ते हुए सुरंग बनाएगी।

इस रूट पर भोपाल रेलवे स्टेशन और नादरा बस स्टैंड के पास दो अंडरग्राउंड स्टेशन बनाए जाएंगे। दोनों स्टेशनों की लंबाई करीब 180-180 मीटर होगी। सुरंग निर्माण के बाद नादरा स्टेशन के आगे ढलान के जरिए मेट्रो फिर जमीन के ऊपर आ जाएगी।

निर्माण के दौरान आसपास की इमारतों की सुरक्षा के लिए विशेष सावधानी बरती जा रही है। कंपन और वाइब्रेशन की निगरानी के लिए पिक पार्टिकल वेलॉसिटी (पीपीवी) का लगातार मापन किया जाएगा, ताकि किसी भी प्रकार का नुकसान न हो। पहली टीबीएम के करीब 50 मीटर आगे बढ़ने के बाद दूसरी मशीन भी लॉन्च की जाएगी, जिससे काम की गति और तेज हो सके।

अंडरग्राउंड रूट और स्टेशनों पर करीब साढ़े सात सौ करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। मेट्रो प्रशासन ने इस पूरे कार्य को अगले दो वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य रखा है, जिससे शहर में यातायात व्यवस्था को नई गति मिल सकेगी।

## प्रदेश में एलपीजी, पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉकः मंत्री गोविंद सिंह राजपूत

**किसी प्रकार की कमी नहीं, अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील**

**भोपाल।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा है कि भारत में कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और देश व प्रदेश की सभी रिफाइनरियां पूरी क्षमता के साथ कार्य कर रही हैं। इससे पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति निरंतर बनी हुई है और किसी प्रकार की रुकावट की स्थिति नहीं है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सहित पूरे देश में एलपीजी, पेट्रोल, डीजल, पीएनजी और सीएनजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। मंत्री श्री राजपूत ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पीएनजी कनेक्शन लेने का भी आग्रह किया, जिससे एलपीजी पर निर्भरता कम हो और स्वच्छ एवं सतत ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि प्रदेश के बॉटलिंग प्लांटों में घरेलू एवं कॉमर्शियल एलपीजी का पर्याप्त भंडार बनाए रखा गया है। घरेलू गैस उपभोक्ताओं द्वारा की गई बुकिंग के अनुरूप एलपीजी सिलेंडरों का निरंतर वितरण किया जा रहा है। वहीं कॉमर्शियल उपभोक्ताओं को शासन द्वारा निर्धारित प्राथमिकता क्रम और आवंटन प्रतिशत के आधार पर गैस सिलेंडरों की आपूर्ति सतत रूप से की जा रही है। उन्होंने कहा कि घरेलू और व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति में किसी प्रकार का अवरोध नहीं है। उपभोक्ताओं की मांग को पूरा करने के लिए सभी प्लांट अतिरिक्त समय तक कार्य कर रहे हैं तथा जिला स्तर तक बॉटलिंग प्लांट और वितरकों के पास उपलब्धता एवं वितरण की नियमित समीक्षा की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की सभी ऑयल कंपनियों के पास पेट्रोल और डीजल (एमएस/एचएसडी) का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। रिटेल आउटलेट्स (पेट्रोल पंपों) पर भी पेट्रोल और डीजल की किसी प्रकार की कमी की स्थिति नहीं है। कंपनियों के डिपो से पेट्रोल और डीजल की लगातार आपूर्ति की जा रही है और स्थिति पूरी तरह सामान्य है। बढ़ी हुई मांग को देखते हुए ऑयल कंपनियों के डिपो अतिरिक्त समय तक कार्य कर रहे हैं जिससे मांग के अनुरूप आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

प्रदेश में आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत एलपीजी की कालाबाजारी रोकने के लिए निरंतर कार्रवाई की जा रही है। अब तक 2,110 स्थानों पर जांच की गई है, जिसमें 2,933 एलपीजी सिलेंडर जब्त किए गए तथा 9 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

## एमपी में अब एक परीक्षा से 10 से ज्यादा विभागों में भर्ती

**संयुक्त भर्ती परीक्षा 2025 को मंजूरी, मेरिट सूची 2 साल तक रहेगी वैलिड; युवाओं को मिलेगा बड़ा फायदा**

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए बड़ी राहत की खबर है। अब 10 से अधिक विभागों में भर्ती के लिए अलग-अलग परीक्षाएं नहीं देनी होंगी, बल्कि एक ही संयुक्त परीक्षा के जरिए चयन किया जाएगा। मुख्य सचिव अनुराग की अध्यक्षता वाली कमेटी ने संयुक्त भर्ती परीक्षा 2025 के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

इस नई व्यवस्था के तहत मप्र कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) साल में तीन बार क्वालिफाइंग परीक्षा आयोजित करेगा। इन परीक्षाओं में सफल उम्मीदवारों की एक मेरिट सूची तैयार की जाएगी, जो दो साल तक वैध रहेगी। इसी सूची के आधार पर विभिन्न विभागों में रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी।

सरकार का मानना है कि इस फैसले से युवाओं पर परीक्षा का बोझ कम होगा और बार-बार आवेदन व फीस भरने की परेशानी से राहत मिलेगी। साथ ही भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता और तेजी भी आएगी। अब अभ्यर्थियों को अलग-अलग विभागों की भर्ती के लिए बार-बार तैयारी नहीं करनी पड़ेगी।

अधिकारियों के अनुसार, यह प्रणाली राष्ट्रीय स्तर की कुछ परीक्षाओं की तर्ज पर लागू की जा रही है, जहां एक ही परीक्षा के आधार पर कई विभागों में चयन होता है। इससे समय और संसाधनों की बचत होगी और योग्य उम्मीदवारों को बेहतर अवसर मिलेंगे।

## भोपाल के 15 इलाकों में कल बिजली कटौती, 4 से 6 घंटे बाधित रहेगी सप्लाई

**मेंटेनेंस कार्य के चलते गोपाल नगर, छान-गौरा सहित कई क्षेत्रों में असर; दीप मोहिनी और बालाजी नगर भी प्रभावित**

**भोपाल।** राजधानी के करीब 15 इलाकों में मंगलवार को बिजली कटौती की जाएगी। बिजली कंपनी द्वारा निर्धारित मेंटेनेंस कार्य के चलते इन क्षेत्रों में 4 से 6 घंटे तक बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। इससे स्थानीय रहवासियों को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है।

बिजली विभाग के अनुसार, नेटवर्क की मरम्मत और सुधार कार्य के लिए यह शटडाउन लिया जा रहा है, ताकि भविष्य में निर्बाध और सुरक्षित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। इस दौरान गोपाल नगर, छान-गौरा गांव, दीप मोहिनी, बालाजी नगर समेत कई क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी।

अधिकारियों ने बताया कि मेंटेनेंस के दौरान लाइन, ट्रांसफार्मर और अन्य तकनीकी उपकरणों की जांच और आवश्यक सुधार किए जाएंगे। यह कार्य नियमित प्रक्रिया का हिस्सा है, जिससे बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता बेहतर बनी रहती है।

बिजली कंपनी ने नागरिकों से अपील की है कि निर्धारित समय के दौरान जरूरी कार्य पहले ही निपटा लें और वैकल्पिक व्यवस्थाएं कर लें। साथ ही, किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उपभोक्ता नजदीकी बिजली कार्यालय या हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

उम्मीद जताई जा रही है कि तय समय के भीतर कार्य पूरा कर लिया जाएगा और उसके बाद सभी प्रभावित क्षेत्रों में बिजली सप्लाई बहाल कर दी जाएगी।

स्वामी **निष्ठावान एडवरटाइजर्स एण्ड मीडिया प्रा.लि.**, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक श्रीमती रीता सिंह द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप, 11, प्रेस कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर-462023 भोपाल, म.प्र. से मुद्रित एवं फ्लैट नंबर 601, ए-2, फॉर्चून कस्तूरी, होशंगाबाद रोड, भोपाल-11 (म.प्र.) से प्रकाशित।
***स्थानीय संपादकः ज्ञान सिंह बघेल।** पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र भोपाल रहेगा।), फोनः 9131883521, ई-मेलः janjanjagran@gmail.com **आर.एन.आई.नं. 58842/94**